

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471
# अमन लेखनी



परफेक्ट फिगर पाने की ज्यादा कसरत...



फैमिली ड्रामा की भी हैं क्वीन


वर्ष : 12 | अंक : 159 | लखनऊ, 03 जून, बुधवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

तमिलनाडु में भाजपा के फायरब्रांड नेता ने लिया बड़ा फैसला

# आखिरकार नहीं माने अन्नामलाई, शाह से भी की मुलाकात और अध्यक्ष नबीन को सौंपा इस्तीफा, दो दिन बाद नई पार्टी बनाने की अटकलें तेज

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

तमिलनाडु में भाजपा के फायरब्रांड नेता के. अन्नामलाई ने बड़ा फैसला लिया है। अन्नामलाई ने भाजपा से अलग होने का फैसला लिया है। पूर्व तमिलनाडु भाजपा प्रमुख अन्नामलाई ने मंगलवार को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन से मुलाकात की और अपना इस्तीफा सौंप दिया। इसके बाद अन्नामलाई ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की। यह मुलाकात एक घंटे से ज्यादा चली। पार्टी से नाराजगी की खबरों के बीच इस मुलाकात को बेहद अहम माना जा रहा है। भाजपा अध्यक्ष नितिन नबीन और संगठन सचिव बीएल संतोष के साथ अहम बैठक में अन्नामलाई ने कथित तौर पर पार्टी से अच्छे संबंधों के साथ अलग होने की इच्छा जताई।



अन्नामलाई ने इस्तीफा देने के पहले गृहमंत्री शाह से मुलाकात की

### भाजपा ने कहा फिलहाल दिल्ली में ही रहें

उन्होंने पार्टी नेतृत्व से कहा कि वे अब अपना रास्ता खुद बनाना चाहते हैं? भाजपा नेतृत्व उन्हें मनाने की कोशिश कर रहा है और उनके लिए राष्ट्रीय स्तर पर कोई भूमिका भी तय की जा सकती है। बताया जा रहा है कि अन्नामलाई को अगली सूचना तक दिल्ली न छोड़ने के लिए कहा गया है।

### राजनीति में अहम बदलाव

अगर अन्नामलाई का इस्तीफा मंजूर होता है तो यह भाजपा के लिए बड़ा झटका होगा। भाजपा से अन्नामलाई का जाना राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव साबित हो सकता है, खासकर अभिनेता से नेता बने विजय के मुख्यमंत्री बनने के बादष। अन्नामलाई के करीबी सूत्रों के अनुसार उनका मानना है कि विजय के राजनीतिक ताकत बनने के बाद तमिलनाडु की राजनीति में बड़ा बदलाव आया है। आज विजय से लड़ने के लिए कोई नेता नहीं है। द्रविड़ युग खत्म हो गया है। अब सिर्फ भाषा आधारित राजनीति नहीं चलेगी। राज्य की राजनीति बदल चुकी है। रिपोर्ट्स में यह भी कहा गया कि अब वे भाजपा' अपना भविष्य नहीं देख रहे हैं। अन्नामलाई को नैनार नागेंद्रन के तमिलनाडु भाजपा प्रमुख बनने के बाद से कम सक्रिय देखा जा रहा था।

### अटकलों का बाजार गरमाया

कोयंबटूर में उनके समर्थकों द्वारा लगाए गए विशाल पोस्टरों से अफवाहें फैल रही हैं कि वे एक अलग राजनीतिक मंच बनाने जैसी कोई महत्वपूर्ण राजनीतिक पहल करने की तैयारी कर रहे हैं। 4 जून को अन्नामलाई के जन्मदिन से पहले प्रमुख सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर 'हमारे नेता, आइए और हमारा नेतृत्व कीजिए' जैसे नारों वाले ये पोस्टर लगाए गए थे।

### 2020 में भाजपा में हुए थे शामिल

भारतीय पुलिस सेवा के पूर्व अधिकारी अन्नामलाई 2020 में भाजपा में शामिल हुए और तेजी से तमिलनाडु में पार्टी के सबसे प्रमुख नेताओं में से एक बन गए। 2021 से 2025 तक राज्य भाजपा अध्यक्ष के रूप में उन्होंने कई राज्यव्यापी अभियानों का नेतृत्व किया और युवा मतदाताओं और सोशल मीडिया फॉलोअर्स के बीच एक मजबूत समर्थन आधार बनाया।

**एक भी चुनाव नहीं लड़े**

*2026 के तमिलनाडु विधानसभा चुनावों के बाद उनके भविष्य को लेकर अटकलें तेज हो गईं, जिसमें भाजपा के सबसे जाने-माने चेहरों में से एक होने के बावजूद उन्होंने चुनाव नहीं लड़ा। कक्षा नौ के छात्रों के लिए त्रिभाषा नीति को आगे बढ़ाने के केंद्र के फैसले की उनकी हालिया आलोचना ने भी राजनीतिक बहस छेड़ दी थी।*

**अन्नामलाई बोले कुछ दिन रुकिए**

*दिल्ली रवाना होने से पहले अन्नामलाई ने अपने बारे में चल रही अटकलों पर विस्तार से टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। पत्रकारों से संक्षिप्त बातचीत में उन्होंने कहा कि कृपया प्रतीक्षा करें। हम दो दिन में बैठकर बात करेंगे। इस टिप्पणी ने संभावित घोषणा को लेकर उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।*

---

## खबर संक्षेप

### फडणवीस की 2 लाख तक की कर्जमाफी की मंजूरी


**मुंबई।** महाराष्ट्र कैबिनेट ने 2 लाख रुपए तक के कृषि ऋण माफी को मंजूरी दे दी है। देवेंद्र फडणवीस के



नेतृत्व वाली सरकार के इस फैसले से 56 लाख किसानों को फायदा मिलेगा। किसानों के कर्जमाफी 36,585 करोड़ रुपए है। इसकी मंजूरी जरूर मिल गई है, लेकिन विधान परिषद चुनाव के मद्देनजर इसकी घोषणा नहीं की गई है।

### विधायक योगेश पटेल का 80 की उम्र में निधन


**वडोदरा।** यहां की मांजलपुर सीट से भाजपा विधायक और पूर्व राज्य मंत्री योगेश पटेल का



सोमवार को 80 साल की उम्र में निधन हो गया। दिल की बीमारी के चलते वे पिछले वडोदरा में भर्ती थे, जहां दोपहर में उन्होंने अंतिम सांस ली। पटेल गुजरात की राजनीति का एक बेहद मजबूत और बेबाक चेहरा थे। वे कुल आठ बार विधायक चुने गए।

### शिमला में मंत्री विक्रमादित्य की गाड़ी का चालान

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के अधिवक्ताओं ने छोटा शिमला से हाई कोर्ट सील्ड सड़क पर



वाहनों की आवाजाही पर लगाई जा रही रोक का विरोध जताया है। वकीलों ने सीएम आवास ओक ओवर के बाहर प्रदर्शन किया और फिर सचिवालय पहुंचे। सील्ड रोड पर मंत्री विक्रमादित्य सिंह की गाड़ी का 1500 का चालान कटा।

### नीट पेपर लीक ने पूरी पीढ़ी के साथ किया विश्वासघात

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मंगलवार को राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में कथित



अनियमितताओं, खासकर नीट-यूजी पेपर लीक विवाद को लेकर सरकार पर निशाना साधा है।

---

पश्चिम बंगाल की राजनीति में दिखा एक हाई वोल्टेज ड्रामा

ममता ने एस्प्लेनेड के पास राशमोनी एवेन्यू में विरोध मार्च निकाला

# धरने पर सरकार ने कहा दिल्ली में बैठो या रेगिस्तान में 'यहां' पर नहीं

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में मंगलवार को तब एक हाई वोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। पुलिस से अनुमति नहीं मिलने के बावजूद, पूर्व मुख्यमंत्री और विपक्षी दल तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की अध्यक्ष ममता बेनर्जी ने शहर के मध्य भाग में एस्प्लेनेड के पास राशमोनी एवेन्यू में विरोध मार्च का नेतृत्व किया। इस दौरान उनके भतीजे और पार्टी महासचिव अभिषेक बेनर्जी, पार्टी बड़े नेता मदन मित्रा, सांसद कल्याण बेनर्जी भी उनके साथ थे।

बेनर्जी के साथ पार्टी के पुराने दिग्गज नेता फिरहाद हकीम, डेरेक ओ'ब्रायन और डोला सेन भी नजर आए लेकिन टीएमसी के टिकट पर हाल ही में विधानसभा सीटें जीतने वाले ज्यादातर नए चेहरे इस मौके पर नदारद थे। इस तरह भाजपा से सियासी मोर्चे पर जंग लड़ रहीं ममता को अपने ही विधायकों से नाउम्मीदी हाथ लगी है। ममता धरने वाली जगह पर पहुंचीं, तो कोलकाता पुलिस ने उन्हें धरना देने से मना कर दिया। इससे विरोध स्थल पर तनावपूर्ण स्थिति बन गई और पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच तीखी झड़प देखने को मिली।

**ममता को उनके ही विधायकों ने दिया झटका**



धरना स्थल पर ममता बेनर्जी

### हमने जिन्हें आगे बढ़ाया वे 'गद्दार' के साथ चले गए

*ममता ने कहा कि हॉकरों को हटाना टीएमसी सरकार की नीति नहीं थी, हमने हमेशा मानवीय दृष्टिकोण अपनाया। मैं इन कठिन परिस्थितियों में टीएमसी कार्यकर्ताओं का साथ नहीं छोड़ूंगी। मुझे इस बात का दुख है कि जिन लोगों को मैंने जीवन में आगे बढ़ने में मदद की, वे आज एक गद्दार के साथ खड़े हो गए हैं। यह बयान संभवतः सुवेंदु अधिकारी की ओर इशारा माना जा रहा है।*

### बंगाल में जला मिला करोड़ों का कैश, सूटकेस में रखा था

यहां चौंकाने वाले घटनाक्रम के तहत टीएमसी छात्र यूनियन के दफ्तर से जले हुए नोट मिले हैं। बताया जा रहा है कि यह रकम करोड़ों में हो सकती है। यह रकम सुरेंद्र नाथ कॉलेज के अंदर छात्र यूनियन के ऑफिस में कई सूटकेस में रखी गई थी। इसे लेकर काफी हलचल मच गई है। तमाम सोशल मीडिया हैंडल्स पर वीडियो को शेयर किया जा रहा है। इन वीडियो के साथ लोग टीएमसी को लेकर कमेंट्स कर रहे हैं। 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा गया है कि इतनी बड़ी रकम को देखिए। साफ है कि टीएमसी यूनियन और पार्टी वर्कर्स ने छात्रों और आम जनता के साथ किस कदर लूट की है?

**भाजपा का टीएमसी पर हमला**

### टीएमसी ने 'पुलिस राज और जंगल राज' स्थापित किया

भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने ममता बेनर्जी



पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी में मतभेद और असंतोष बढ़ रहा है तथा इन्हीं मुद्दों से जनता का ध्यान हटाने के लिए ममता बेनर्जी विरोध-प्रदर्शनों का सहारा ले रही हैं। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यदि ममता को प्रदर्शन करना है तो वह दिल्ली, अंटार्कटिका या रेगिस्तान कहीं भी जा सकती हैं।

### राज्यपाल से करेंगे हम असली टीएमसी का दावा

टीएमसी के निष्कासित प्रवक्ता ने कहा कि पहला, हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है। करीब 50 विधायक हमारे साथ हैं। हम असली तृणमूल कांग्रेस हैं। दूसरा, चूंकि हम असली तृणमूल कांग्रेस हैं, इसलिए विपक्ष के नेता रितब्रता बेनर्जी होंगे न कि शोभनदेब चट्टोपाध्याय. तीसरा, हमारे पास दो-तिहाई बहुमत है, इसलिए यह चिन्ह हमारा होना चाहिए।

**ममता के खिलाफ बगावत तेज**

### 50 विधायकों ने होटल में की बैठक चुनाव चिन्ह पर करेंगे कब्जा

बंगाल में टीएमसी की टूट को लेकर निष्कासित नेता रिजू दत्ता ने



बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि टीएमसी के 50 विधायकों ने बैठक की है और ये विधायक चुनाव चिह्न पर कब्जा करना चाहते हैं। दत्ता ने कहा कि टीएमसी के दो विधायकों रितब्रता बेनर्जी और संदीपन साहा ने विधानसभा स्पीकर को चिट्ठी लिखकर दावा किया कि उनके हस्ताक्षर जाली हैं। यह सुनकर तृणमूल कांग्रेस ने इन दोनों विधायकों को निष्कासित कर दिय। उन्होंने दावा किया।

---

कर्नाटक में डीके आज लेंगे शपथ

# समारोह की सुरक्षा सख्त की कई रूट्स को किया डायवर्ट



दिल्ली में मंथन

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कर्नाटक के कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार बुधवार को मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे। बेंगलुरु में व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। यह समारोह लोक भवन में होगा, जहां वीआईपी और गणमान्य अतिथियों की सुरक्षा के लिए पुलिस ने विशेष व्यवस्था की है। पुलिस आयुक्त सीमांत कुमार सिंह ने बताया कि सुरक्षा, यातायात प्रबंधन और कानून-व्यवस्था को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की गई है।

### खरगे के घर से तय होगी कर्नाटक कैबिनेट

कर्नाटक में नई कांग्रेस सरकार के गठन से पहले दिल्ली सत्ता और संगठन से जुड़े अहम फैसलों का केंद्र बन गई है। शपथ ग्रहण से पहले कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पर पार्टी के शीर्ष नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें नई कैबिनेट के गठन, मंत्री पदों के बंटवारे, उपमुख्यमंत्री के चयन और संगठनात्मक बदलावों पर विस्तार से चर्चा की गई।

### बैठक की महत्ता

बैठक ऐसे समय में हो रही है जब राज्य में मंत्री पदों को लेकर दावेदारों की संख्या काफी अधिक है। कई विधायक और वरिष्ठ नेता दिल्ली पहुंचकर अपनी दावेदारी मजबूत करने की कोशिश में जुटे हुए हैं। पहले चरण में करीब 15 मंत्रियों को शपथ दिलाई जा सकती है, जबकि शेष मंत्रियों को बाद में मंत्रिमंडल विस्तार के दौरान शामिल किया जाएगा।

### बेक्रफास्ट मीटिंग की भी चर्चा रही


दिल्ली में मंथन के बीच सिद्धारमैया की एक अलग तस्वीर भी चर्चा में रही। शपथ ग्रहण से पहले सिद्धारमैया कई कांग्रेस नेताओं के साथ दिल्ली स्थित प्रसिद्ध रेस्तरां सरवणा भवन पहुंचे, जहां उन्होंने नाश्ता किया। इस दौरान उनके साथ सतीश जारकीहोली, एमसी सुधाकर समेत कई विधायक मौजूद रहे।

---

# देश की 42 उत्कृष्ट पंचायतों को आज भव्य समारोह में मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

ग्रामीण विकास, सुशासन और सतत विकास के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली देशभर की 42 पंचायतों को कल



राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कार 2025 समारोह में सम्मानित किया जाएगा। केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ललन और केंद्रीय राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल पुरस्कार प्रदान करेंगे। समारोह में केंद्र और राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी तथा पंचायती राज संस्थाओं के निर्वाचित प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

### 42 पंचायतों को मिलेगा राष्ट्रीय सम्मान

पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार इस वर्ष देश के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों की कुल 42 पंचायतों का चयन राष्ट्रीय पंचायत पुरस्कारों के लिए किया गया है। इनमें 34 ग्राम पंचायतों को दीन दयाल उपाध्याय पंचायत सतत विकास पुरस्कार तथा 8 पंचायतों को नानाजी देशमुख सर्वोत्तम पंचायत सतत विकास पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

---

सूरत के पास सड़क हादसा

# महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की बसें भिड़ीं, सात मरे

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

गुजरात के सूरत जिले में मंगलवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। बारडोली शहर के पास महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम की दो बसें आपस में टकरा गईं। इस हादसे में सात लोगों की जान चली गई और कई लोग घायल हो गए।

यह दुर्घटना बारडोली तालुका के उवा गांव के पास नेशनल हाईवे 53 पर हुई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि एक बस सड़क पर ही पलट गई और उसमें भीषण आग लग गई। आग लगने की वजह से कई यात्री



जलती हुई बसें

बस के अंदर ही फंस गए। घटना की जानकारी मिलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और तुरंत राहत कार्य शुरू किया गया। बारडोली ग्रामीण पुलिस इंस्पेक्टर पीएन जडेजा ने बताया कि दोनों बसें महाराष्ट्र राज्य परिवहन निगम की थीं।

---

यौन उत्पीड़न के मामले में सुनवाई के दौरान यह कहा

जमानत के केस में हाई कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

# अगर हाथ-पैर काट दिए जाएं तो लोग कानून को मानेंगे: हाई कोर्ट

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कर्नाटक हाई कोर्ट ने हाल ही में कानून के पालन को लेकर सख्त टिप्पणी की। अदालत ने कहा कि हाथ-पैर काट दिए जाएं शायद लोग तब कानूनों का पालन करेंगे। उच्च न्यायालय ने यह टिप्पणी यौन उत्पीड़न से जुड़े एक मामले में की। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने लोगों द्वारा लापरवाही से अपराध करने की प्रवृत्ति को देखते हुए कहा कि लोग शायद तभी कानून का पालन करेंगे जब आप किसी का पैर या हाथ काट देंगे। 29 मई को एक जमानत



याचिका की सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति आर नटराज ने मौखिक रूप से कहा कि अगर आप किसी का पैर या हाथ काट देंगे, शायद तभी लोगों को कानून का पालन करना समझ आएगा। हमारे देश में लोकतंत्र है इसलिए हर कोई इसे स्वाभाविक मानता है।

### कानून कमजोर पड़ गया

अदालत ने यौन उत्पीड़न के एक मामले में कथित तौर पर शामिल इंजीनियरिंग के छात्र की जमानत याचिका पर नोटिस जारी किया। जस्टिस नटराज ने कहा कि कानून कमजोर पड़ गया है क्योंकि हम अपराधियों से सख्ती से नहीं निपटते। यही कारण है कि मिडिल ईस्ट के विपरीत, अपराध करना इतना आसान हो गया है। लगता है लोगों का डर खत्म हो रहा है।

# जरूरतमंदों को दिलायें योजनाओं का लाभ : सीएम

अमन लेखनी समाचार



**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र नागरिक तक पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। आवास से लेकर इलाज तक, बिटिया की पढ़ाई व विवाह से लेकर निराश्रितों व बुजुर्गों की पेंशन तक, समाज के हर जरूरतमंद के लिए सरकार की अनेक योजनाएं हैं। सभी पात्र लोगों से आवेदन कराकर इन योजनाओं का लाभ उन तक पहुंचाया जाए। सीएम योगी मंगलवार को जनता दर्शन में अधिकारियों को निर्देशित कर रहे थे।

सोमवार देर शाम गोरखपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इस दौरान उन्होंने जरूरतमंदों को आवास सहित अन्य योजनाओं का लाभ दिलाने और गंभीर बीमारियों से पीड़ितों के इलाज में भरपूर आर्थिक सहायता देने का आत्मीय संबल दिया। उन्होंने कहा कि सरकार हर जरूरतमंद और पात्र व्यक्ति को कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाने तथा हर समस्या के प्रभावी निस्तारण के लिए संकल्पित है। उन्होंने लोगों से कहा कि वे योजनाओं का लाभ लेने के लिए आवेदन जरूर करें। उन्होंने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि हर पात्र व्यक्ति का संबंधित योजना में आवेदन कराकर लाभ दिलाया जाए।

सीएम योगी ने जनता दर्शन में आए लोगों के प्रार्थना पत्रों को निस्तारण के लिए संबंधित प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों को संदर्भित कर निर्देशित किया कि सभी समस्याओं का निस्तारण समयबद्ध, निष्पक्ष और सन्तुष्टिपरक होना चाहिए। अधिकारी जन समस्याओं पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाएं। जनता दर्शन में इस बार भी कुछ लोग इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए थे। मुख्यमंत्री ने उन्हें भरोसा दिया कि धन के अभाव में किसी का इलाज नहीं रुकेगा। उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि जो भी जरूरतमंद हैं, प्रशासन उनके उच्च स्तरीय इलाज का इस्टीमेट शीघ्रता से बनवाकर उपलब्ध कराए। इस्टीमेट मिलते ही सरकार तुरंत धन उपलब्ध कराएगी। जनता दर्शन में जौनपुर जिले से आई एक महिला ने एक एनजीओ पर फर्जी प्रमाण पत्र देने का आरोप लगाते हुए उसके खिलाफ जांच की मांग की।

इस पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि मामले में जांच कर जरूरी कार्रवाई की जाए। जमीन कब्जा किए जाने से संबंधित शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने पुलिस को निर्देश दिया कि यदि कोई दबंग किसी की जमीन पर कब्जा कर रहा हो तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए। जनता दर्शन में परिजनों के साथ आए बच्चों को मुख्यमंत्री ने खूब दुलारा और आशीर्वाद दिया। साथ ही उन्हें खूब पढ़ने के लिए प्रेरित करते हुए चॉकलेट दीं। गोरखनाथ मंदिर प्रवास के दौरान मंगलवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंदिर की गोशाला में जाकर गोसेवा भी की। उन्होंने स्नेहिल थपकी देकर गायों-गोवंश को दुलारा और अपने हाथों से गुड़-रोटी खिलाई। उन्होंने गोशाला के कार्यकताओं को गोवंश की समुचित देखभाल के निर्देश दिये।

# गले पर चाकू रखकर युवक से लूट, कार सवार बदमाश मोबाइल-पर्स लेकर फरार

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र के खानपुर मऊ के पास कार सवार बदमाशों ने एक युवक को रोककर उसके गले पर चाकू रख दिया और मोबाइल, पर्स तथा बाइक की चाभी लूटकर फरार हो गए। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मलिहाबाद इलाके के दरियापुर निवासी मूलचंद्र के अनुसार, वह 31 मई की रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक से लखनऊ से अपने घर लौट रहे थे। इसी दौरान काकोरी के खानपुर मऊ स्थित पानी की टंकी के पास एक कार ने उनकी बाइक को ओवरटेक कर रोक लिया। कार से उतरे दो बदमाशों ने उनकी गर्दन पर चाकू रखकर जान से मारने की धमकी दी और विरोध करने पर डराया-धमकाया। आरोप है कि बदमाश उनका मोबाइल फोन, पर्स और बाइक की चाभी छीनकर मौके से फरार हो गए। किसी तरह घर पहुंचकर मूलचंद्र ने घटना की जानकारी परिजनों को दी। इसके बाद वह शिकायत लेकर मलिहाबाद कोतवाली पहुंचे, जहां घटनास्थल काकोरी क्षेत्र में होने के कारण उन्हें काकोरी थाने भेज दिया गया। पीड़ित ने पुलिस को आरोपियों की कार का नंबर भी उपलब्ध कराया है। इस संबंध में काकोरी इंस्पेक्टर सतीश चंद्र राठौर ने बताया कि लूट और धमकी देने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# यूपी में एक सप्ताह में 57 हजार चालान, 2669 वाहन सीज

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और लोगों के जीवन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए योगी सरकार सड़क सुरक्षा अभियान को लेकर लगातार सख्ती बरत रही है। प्रदेश में यातायात नियमों के पालन को बढ़ावा देने और जिम्मेदार ड्राइविंग की संस्कृति विकसित करने के उद्देश्य से परिवहन विभाग द्वारा व्यापक जागरूकता एवं प्रवर्तन अभियान चलाया जा रहा है।

परिवहन विभाग ने अन्य संबंधित विभागों के सहयोग से 20 मई से 26 मई तक विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया। इस दौरान यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ बड़े पैमाने पर कार्रवाई की गई। विभाग के अनुसार अभियान के दौरान कुल 57,186 चालान किए गए, जबकि 2,669 वाहनों को सीज किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में हेलमेट और सीट बेल्ट की अहम भूमिका को देखते हुए इन दोनों बिंदुओं पर विशेष ध्यान दिया गया। अभियान के दौरान 23,758 लोगों के हेलमेट न पहनने पर चालान किए गए, जबकि 9,083 वाहन चालकों और यात्रियों पर सीट बेल्ट न लगाने के कारण कार्रवाई की गई। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन के उपयोग को भी दुर्घटनाओं का एक बड़ा कारण माना जाता है।

इसी को देखते हुए अभियान के दौरान 3,676 लोगों के खिलाफ मोबाइल का उपयोग करते हुए वाहन चलाने पर कार्रवाई की गई। परिवहन विभाग ने अनाधिकृत रूप से संचालित बसों के खिलाफ भी अभियान चलाया। प्रदेशभर में 1,502 अनधिकृत बसों के चालान किए गए और 400 से अधिक बसों को सीज किया गया। इसके अलावा माल वाहनों में सवारी ढोने के मामलों में 1,000 से अधिक चालान किए गए तथा 91 वाहनों को सीज किया गया।

## अनिल भूषण ने संभाली बेसिक शिक्षा निदेशक की जिम्मेदारी

**लखनऊ।** अनिल भूषण चतुर्वेदी ने मंगलवार को बेसिक शिक्षा विभाग के प्रभारी शिक्षा निदेशक बेसिक के पद का कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण



करने के उपरांत उन्होंने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ परिचयात्मक बैठक कर विभागीय कार्यों, योजनाओं एवं प्राथमिकताओं की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभाग के अधिकारियों ने उनका स्वागत करते हुए बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, नवाचारों तथा वर्तमान में चल रही गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। बैठक में विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, छात्र हितों से जुड़े कार्यक्रमों, शिक्षक प्रशिक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विकास तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति से संबंधित विषयों पर चर्चा की गई। कार्यभार ग्रहण करने के बाद अनिल भूषण चतुर्वेदी ने कहा कि प्रदेश सरकार की मंशा के अनुरूप बेसिक शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए सभी अधिकारी एवं कर्मचारी टीम भावना के साथ कार्य करें।

## भाजपा सरकार की गलत नीतियों से त्रस्त है जनता : अखिलेश यादव

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की कुनीतियों से जनता त्रस्त है। महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार चरम पर है। किसान, नौजवान, व्यापारी, कर्मचारी, हर वर्ग परेशान और पीड़ित है। किसी को न्याय नहीं मिल रहा है। भाजपा सरकार से लोगों की निराशा इतनी बढ़ गयी है कि नाउम्मीद होकर पीड़ित लोग आत्मदाह तक के लिए बाध्य हो रहे हैं। भाजपा नेतृत्व को सत्ता के अहंकार ने इतना संवेदनहीन बना दिया है कि उन्हें किसी की पुकार-गुहार-चीत्कार तक सुनाई नहीं देती है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री आवास के सामने अपनी रोजी-रोटी के लिए जूझ रहे रोडवेज संविदाकर्मियों द्वारा पेट्रोल छिड़ककर आत्महत्या करने का प्रयास बेहद दुर्भाग्यपूर्ण घटना है। हृदयहीन भाजपा सरकार चालकों-परिचालकों की माँगों का तुरंत संज्ञान ले और किसी भी अप्रिय घटना को घटने से बचाए। नौकरी-रोजगार किसी परिवारवाले के लिए जीवन-मरण से कम का सवाल नहीं होता है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार संवेदनहीन है। भाजपा किसी की सगी नहीं है। झूठे वादे करती है। जनता को गुमराह करती है। भाजपा ने उत्तर प्रदेश को बर्बाद कर दिया है। स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली व्यवस्था सब चौपट है। भाजपा ने नौ साल के कार्यकाल में समाज में नफरत फैलाने के अलावा कोई काम नहीं किया है। प्रदेश की जनता भाजपा की असलियत जान चुकी है। 2027 में जनता भाजपा को सत्ता से हटाकर उसके कुशासन का अंत कर देगी।

## सपा मुख्यालय पर बांटा गया प्रसाद



**लखनऊ।** ज्येष्ठ मास के बड़ा मंगलवार पर सपा के राज्य मुख्यालय, लखनऊ में मंगलवार को वीरवर श्री हनुमान जी की प्रतिमा की पूजा अर्चना की गई। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी ने पुष्पांजलि अर्पित कर प्रसाद बांटा। इस अवसर पर समाजवादी पार्टी का स्टाफ मौजूद था। ज्येष्ठ मास के बड़ा मंगलवार के अवसर पर राजधानी लखनऊ के विधानसभा कैण्ट क्षेत्र के सदर में प्रभू दयाल सेठ रोड पर पांचवे बड़ा मंगल पर सेठ परिवार की ओर से भण्डारा का आयोजन किया गया। पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेन्द्र चौधरी ने पवनसुत हनुमान जी के पूजन के बाद श्रद्धालुओं में प्रसाद का वितरण किया। प्रसाद में पूड़ी सब्जी, कढ़ी-चावल, बूंदी-हलुआ और शिकंजी तथा आइसक्रीम का वितरण किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के ओएसडी आशीष यादव सोनू एवं सेठ परिवार के सदस्य मनोज सेठ, अजय सेठ, विशाल सेठ, दिलीप सेठ, रवि सेठ, अर्श, सौरभ, अभय, अतुल, अंजू आदि उपस्थित रहे।

## मैनेजमेंट ट्रेनी पद पर नौकरी का है अवसर

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि के छात्रों को नौकरी पाने का सुनहरा अवसर है। विश्वविद्यालय के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट विभाग की ओर से श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ऑनलाइन माध्यम से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन करने जा रही है। इसमें विश्वविद्यालय के बीटेक एवं एमबीए के छात्र हिस्सा ले सकते हैं। ड्राइव में हिस्सा लेने के लिए छात्रों को सात जून तक पंजीकरण कराना होगा।

## पीएचडी प्रवेश के लिए परीक्षा परिणाम जारी

**लखनऊ।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के पीएचडी में प्रवेश के लिए सत्र 2025-26 के फेज 2 का परीक्षा परिणाम घोषित कर दिया गया है। कैटेगरी ए एवं बी में चयनित अभ्यर्थियों की सूची विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जारी कर दी गयी है।

## जनता की जेब काट रही सरकार : लोकदल

**लखनऊ।** लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि देश में जंग और राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दों की तपिश के बीच सरकार जनता की जेब पर लगातार डाका डाल रही है। एक ओर आम आदमी महंगाई, बेरोजगारी और बढ़ते बिजली बिलों से त्रस्त है, दूसरी ओर सरकार जनता के टैक्स के पैसे से अपने प्रचार और छवि चमकाने में लगी हुई है। सुनील सिंह ने कहा कि जब जनता हर वस्तु पर टैक्स दे रही है, तब सरकार को जवाब देना चाहिए कि जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा अस्पतालों, स्कूलों, किसानों और युवाओं पर खर्च हो रहा है या फिर बड़े-बड़े विज्ञापनों और प्रचार अभियानों पर? देश का युवा रोजगार मांग रहा है, किसान अपनी फसल का उचित दाम मांग रहा है, लेकिन सरकार प्रचार के शोर में जनता की आवाज दबाने का काम कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार हर संकट को राजनीतिक अवसर में बदलने का प्रयास करती है।

# सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार व नगर निगम को नोटिस जारी कर किया जवाब-तलब

- सहारा शहर की लीज रद कर कब्जा लेने का मामला
- मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को नियत

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** सुप्रीम कोर्ट ने सहारा शहर की लीज रद करके उसका कब्जा लेने के मामले में राज्य सरकार और नगर निगम को नोटिस जारी करके उनसे जवाब तलब किया है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को करने को कहा है। गौरतलब हो कि सहारा शहर की जमीन का कब्जा वापस लेने के बाद राज्य सरकार वहां पर नये विधानसभा बनाने का विचार कर रही थी।

यह आदेश चीफ जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस जायमाल्या बागची एवं जस्टिस विपुल एम पंचोली की पीठ ने मेसर्स सहारा इंडिया कामर्शियल कारपोरेशन की ओर से दाखिल एक एसएलपी पर सुनवाई करते हुए गत 29 मई को पारित किया। मामले की सुनवाई के बाद पीठ ने राज्य सरकार, नगर निगम, नगर आयुक्त एवं नगर निगम के प्रभारी अधिकारी सम्पत्ति को नोटिस जारी का आदेश दिया। इस पर कोर्ट में उक्त विपक्षीगणों की ओर से पेश हो रहे अधिवक्ता ने नोटिस प्राप्त कर ली। जिस पर कोर्ट ने राज्य सरकार, नगर निगम सहित सभी विपक्षीगणों को मामले में 31 जुलाई तक अपना जवाबी हलफनामा दाखिल करने का आदेश दिया। सहारा ने एसएलपी दायर कर इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के गत 22 अप्रैल 2026 के आदेश को चुनौती दी है जिसमें हाई कोर्ट ने सहारा की लीज डीड खारिज होने व उसका कब्जा लेने के नगर निगम के आदेशों के खिलाफ याचिका को पोषणीय न होने के आधार पर खारिज कर दिया था और कहा कि चूंकि सहारा सेबी विवाद में यह विवाद भी शामिल है लिहाजा उसके हाथ बंधे हैं और मामले को सुप्रीम कोर्ट ही सुन सकता है।

दरअसल, सहारा ने नगर निगम के 8 सितम्बर 2025 को जारी एक आदेश को चुनौती दी थी जिससे उससे सहारा को 22 अक्टूबर 1994 को दी गयी जमीन की लीज को खारिज कर दिया था और 11 सितम्बर 2025 को एक और आदेश जारी करके उस जमीन को खाली करने का आदेश भी कर दिया था। सहारा की ओर से तर्क दिया गया था कि 2 सितम्बर 2017 को एक आर्बिट्रेशन मामले में इसी जमीन को लेकर उसके हक में आदेश पारित हो चुका था किन्तु नगर निगम ने उस आदेश की अनदेखी करके गलत तरीके से पट्टे को खारिज किया था जबकि वह उसका समय बढ़ाने के लिए आवश्यक पैसा जमा करने को तैयार था।

## हाई कोर्ट ने जल निगम के चीफ इंजीनियर के खिलाफ विजिलेंस जांच रोकी

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाई कोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने जल निगम ग्रामीण के चीफ इंजीनियर राम भवन राम के खिलाफ विजिलेंस जांच को स्टे कर दिया है। चीफ इंजीनियर के खिलाफ शिकायत हुई थी कि वह महल जैसे आलीशान घर में रहते हैं जिसके बाद राज्य सरकार ने उनके विजिलेंस जांच बिठा दी थी। अपने अंतरिम आदेश में कोर्ट ने कहा कि मामले में विचार की आवश्यकता है। कोर्ट ने सरकार से जवाब तलब करते हुए मामले की अगली सुनवाई 10 अगस्त को नियत किया है।

यह आदेश जस्टिस राजीव सिंह की पीठ ने चीफ इंजीनियर राम भवन राम की ओर से दाखिल रिट याचिका पर पारित किया है। याची ने सरकार के गत 24 नवंबर 2025 के विजिलेंस जांच के आदेश को चुनौती दी थी। सुनवाई के दौरान कोर्ट के सामने आया कि दो व्यक्तियों ने सरकार को शिकायत भेजकर याची पर भ्रष्टाचार से अकूत सम्पत्ति बनाने व शहर में महल जैसे आलीशान घर में रहने की शिकायत करते हुए उसके खिलाफ अघोषित सम्पत्ति की जांच की मांग की थी। पत्र पर कार्यवाही करते हुए विजिलेंस जांच बिठा दी गयी थी।

याची ने आगे कहा कि मामले में पंचायती राज मंत्री और मुख्यमंत्री ने जांचोपरान्त न्याय संगत कार्यवाही करने का निर्देश दिया था। याची ने कहा कि इसी मामले में प्रबंध निदेशक जल निगम ग्रामीण एवं संयुक्त प्रबंध निदेशक प्रशासन ने भी अपने स्तर जांच की जिसमें पाया कि जिन दो व्यक्तियों के नाम से शिकायत की गयी थी वे अपने दिये गये पते पर पाये ही नहीं गये। याची की ओर से कहा गया कि ऐसे में विजिलेंस जांच करके केवल उसके प्रताड़ित किया जा रहा है।

## ग्राम प्रधानों को प्रशासक बनाने को चुनौती

- हाई कोर्ट ने राज्य सरकार से मांगा जवाब सुनवाई आज

**लखनऊ।** इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने प्रदेश में वर्तमान ग्राम प्रधानों को पंचायत चुनाव होने व नये प्रधान चुने जाने तक प्रशासक नियुक्त करने संबंधी राज्य सरकार के आदेश को चुनौती देने के मामले में राज्य सरकार से जवाब मांगा है। कोर्ट ने राज्य सरकार के अधिवक्ता से कहा है कि वह याचिका पर सरकार से समुचित दिशानिर्देश प्राप्त करके उसे 3 जून को अवगत करायें। यह आदेश जस्टिस शेखर बी सर्राफ एवं जस्टिस ए के चौधरी की अवकाशकालीन पीठ ने स्थानीय अधिवक्ता ओम प्रकाश प्रजापति की ओर से दाखिल एक जनहित याचिका पर पारित किया है। याचिका में ग्राम प्रधानों को प्रशासक नियुक्त करने संबंधी राज्य सरकार के गत 25 मई के आदेश को चुनौती दी है। कहा गया है कि उ.प्र. पंचायत राज अधिनियम की धारा 12(3)(क) के तहत प्रधानों का कार्यकाल उनके शपथ लेने से केवल पांच साल का ही हो सकता है किन्तु सरकार ने समय पर पंचायत चुनाव न करकर मौजूदा प्रधानों को ही प्रशासक नियुक्त करके एक प्रकार से उनका कार्यकाल अनिश्चितकाल तक बढ़ा दिया है जो कि विधि विरूद्ध है। याचिका में मांग की गयी कि जैसा पहले होता था कि यदि पंचायत चुनाव समय पर नहीं हो पाते थे तो एडीओ पंचायत या किसी अन्य अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाता था उसी प्रकार इस बार भी एडीओ पंचायत या किसी अन्य सरकारी अधिकारी को प्रशासक नियुक्त किया जाये।

# हमीरपुर में हुई पुल दुर्घटना की हो न्यायिक जांच

- सीएम योगी को पत्र लिखकर अजय राय ने उठायी मांग

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने हमीरपुर में बेतवा नदी पर निमार्णाधीन पुल के ध्वस्त होने की अत्यंत दुखद एवं गंभीर घटना को प्रदेश सरकार की निर्माण व्यवस्था, प्रशासनिक जवाबदेही एवं श्रमिक सुरक्षा पर बड़ा प्रश्नचिह्न बताया है। उन्होंने मंगलवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर मामले की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराकर वास्तविक तथ्यों को जनता के सामने लाये जाने तथा दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई कराने की मांग की है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि इस घटना में प्रशासनिक अकर्मण्यता एवं संभावित भ्रष्टाचार से इंकार नहीं किया जा सकता।

प्रदेश कांग्रेस द्वारा गठित एक प्रतिनिधिमण्डल पूर्व प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल खाबरी के नेतृत्व में दुर्घटना स्थल का दौरा कर प्रभावित परिवारों एवं स्थानीय नागरिकों से मुलाकात की एवं वस्तुस्थिति की जानकारी प्राप्त की। प्रतिनिधिमण्डल ने बताया कि दुर्घटना के संबंध में अनेक गंभीर प्रश्न अभी भी अनुत्तरित हैं। स्थानीय लोगों ने आशंका व्यक्त की है कि दुर्घटना में प्रभावित व्यक्तियों की वास्तविक संख्या तथा मृतकों का सही आंकड़ा अब तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। कुछ मजदूरों के मोबाइल फोन घटना के बाद से बंद बताए जा रहे हैं, जिससे उनके परिजनों में चिंता एवं असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मांग की है कि इस पूरे प्रकरण की जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश अथवा किसी स्वतंत्र उच्चस्तरीय आयोग से कराई जाए। साथ ही निर्माण कार्य से संबंधित तकनीकी अभिलेख, गुणवत्ता परीक्षण रिपोर्ट, भुगतान विवरण एवं अनुबंध सार्वजनिक किए जाएं। दुर्घटना के समय कार्यस्थल पर मौजूद सभी मजदूरों, कर्मचारियों एवं अधिकारियों की नामावली सार्वजनिक कर उनका सत्यापन कराया जाए तथा मृतकों एवं लापता व्यक्तियों की संख्या का स्वतंत्र रूप से पुनः सत्यापन कराया जाए।

कांग्रेस पार्टी ने यह भी मांग की है कि यदि जांच में निर्माण सामग्री, डिजाइन, पर्यवेक्षण अथवा कार्य निष्पादन में किसी प्रकार की अनियमितता या भ्रष्टाचार सामने आता है तो संबंधित अधिकारियों, अभियंताओं, ठेकेदारों एवं कार्यदायी संस्था के विरुद्ध आपराधिक मुकदमा दर्ज कर कठोर कार्रवाई की जाए तथा इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए ठोस कदम उठाये जाएं। अजय राय ने मृतकों के आश्रितों को पर्याप्त आर्थिक सहायता, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी तथा घायलों के समुचित उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित कराने की भी मांग की है।

## अजय राय ने गृह मंत्री को लिखा पत्र

**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर उत्तर प्रदेश में हत्या, बलात्कार, संगठित अपराध, रंगदारी, मादक पदार्थ तस्करी, पुलिस उत्पीड़न एवं कानून व्यवस्था की निरंतर बिगड़ती स्थिति के सम्बन्ध में उच्च स्तरीय हस्तक्षेप एवं जवाबदेही सुनिश्चित किये जाने की मांग की है। अजय राय ने पत्र में लिखा है कि प्रदेश सरकार विगत कई वर्षों से अपराधमुक्त प्रदेश, कानून का राज तथा अपराधियों के विरूद्ध कठोर कार्रवाई के दावे करती रही है। पुलिस मुठभेड़ों (एनकाउंटरों) को भी कानून व्यवस्था की सफलता के प्रमुख सूचना के रूप में प्रस्तुत किया जाता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2026 के केवल प्रथम पांच माह में ही 23 अपराधियों के पुलिस मुठभेड़ों में मारे जाने का दावा किया गया है। इतना ही नहीं मई 2026 में मात्र दो दिनों (6 एवं 7 मई) के भीतर प्रदेश में 35 पुलिस मुठभेड़ों की सूचना सार्वजनिक की गयी है। यह अत्यंत चिंताजनक है कि इन दावों के समानांतर प्रदेश के विभिन्न मंडलों से हत्या, सामूहिक दुष्कर्म, बाल अपराध, रंगदारी, संगठित अपराध, मादक पदार्थ तस्करी, मानव तस्करी तथा प्रशासनिक विफलताओं की गंभीर घटनाएं सामने आ रही हैं।

# प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के परिणाम घोषित

- 18 विषयों के 2,253 अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए शॉर्टलिस्ट

अमन लेखनी समाचार

**प्रयागराज/लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि आयोग द्वारा प्रवक्ता संवर्ग के 624 पदों के लिए आयोजित लिखित परीक्षा का परिणाम मंगलवार को घोषित कर दिया गया है। लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों की विषयवार एवं श्रेणीवार सूची आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध करा दी गई है।

डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि 09 एवं 10 मई को हुई लिखित परीक्षा में 18 विषयों के कुल 1,92,934 अभ्यर्थी सम्मिलित हुए थे। आयोग द्वारा परीक्षा परिणाम के आधार पर कुल 2,253 अभ्यर्थियों को साक्षात्कार के लिए सफल घोषित किया गया है। इनमें भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास, शिक्षाशास्त्र, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत, मनोविज्ञान, रसायन विज्ञान, भूगोल, कला एवं हिन्दी विषय शामिल हैं। उन्होंने कहा कि शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों के विषयवार एवं श्रेणीवार अनुक्रमांक वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर प्रदर्शित किये गये हैं। अभ्यर्थी वेबसाइट पर परिणाम देख सकते हैं।

उन्होंने सफल अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि वे आयोग की वेबसाइट पर अद्यतन सूचनाएं देखते रहें तथा निर्धारित तिथि से पूर्व अपने साक्षात्कार पत्र डाउनलोड कर तैयारियां सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि साक्षात्कार की विषयवार एवं तिथिवार विस्तृत सूचना तथा दिशा-निर्देश 03 जून को आयोग की वेबसाइट पर प्रदर्शित किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी एवं मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से भी सूचना उपलब्ध करायी जाएगी।

# अस्पताल जाने निकले युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। घर से अस्पताल जाने के लिए निकले एक युवक ने ट्रेन के आगे कूदकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना मिलते ही रेलवे पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार, मलिहाबाद रेलवे स्टेशन के निकट पोल संख्या 1097/8 के पास मंगलवार शाम लखनऊ से जम्मू जा रही बेगमपुरा एक्सप्रेस ट्रेन के सामने मलिहाबाद क्षेत्र के जगदीशपुर गांव निवासी रोहित मौर्य (30) ने अचानक छलांग लगा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक प्लेटफॉर्म के आसपास मौजूद था और ट्रेन को आते देख अचानक उसके सामने कूद गया। ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवक का सिर और धड़ अलग-अलग होकर



मृतक रोहित फाइल – फोटो

रेलवे ट्रैक पर पड़े मिले। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी ने मौके से मिले कीपैड मोबाइल फोन के आधार पर मृतक की पहचान की। इसके बाद परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के परिवार में पिता सतीश मौर्य, माता रामगोरी, बड़े भाई सुधीर मौर्य का रो रो कर बुरा हाल है।

# योगी सरकार की पौष्टिक थाली से मजबूत हो रही नयी पीढ़ी

- पीएम पोषण योजना से बच्चों को मिल रहा संतुलित एवं गुणवत्तापूर्ण भोजन

अमन लेखनी समाचार

**लखनऊ।** प्रदेश में योगी आदित्यनाथ सरकार शिक्षा के साथ-साथ बच्चों के स्वास्थ्य और पोषण को भी नई मजबूती प्रदान कर रही है। पीएम पोषण योजना के अंतर्गत राजकीय, परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों में कक्षा 1 से 8 तक अध्ययनरत लाखों छात्र-छात्राओं को संतुलित, पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। बच्चों की थाली में ऊर्जा, प्रोटीन और अन्य आवश्यक पोषक तत्वों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सरकार उनके शारीरिक, मानसिक एवं बौद्धिक विकास को बल दे रही है। बेहतर पोषण उपलब्ध कराकर योगी सरकार कुपोषण के खिलाफ अपनी लड़ाई को भी और अधिक प्रभावी बना रही है।

प्रदेश के बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) संदीप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बच्चों के समग्र विकास के लिए शिक्षा और पोषण को समान प्राथमिकता दे रही है। उन्होंने कहा कि पीएम पोषण योजना केवल मध्याह्न भोजन कार्यक्रम नहीं है, बल्कि यह बच्चों के बेहतर स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य और कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के निर्माण का एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है।



उन्होंने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध कराए जा रहे पौष्टिक भोजन से बच्चों की सीखने की क्षमता, एकाग्रता और विद्यालयों में उपस्थिति में सकारात्मक सुधार देखने को मिल रहा है।

संदीप सिंह ने कहा कि विकसित भारत और विकसित उत्तर प्रदेश की मजबूत नींव स्वस्थ, शिक्षित और सक्षम बच्चों पर आधारित है। इसी उद्देश्य के साथ सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि प्रत्येक बच्चे को विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण और पोषणयुक्त भोजन प्राप्त हो। उन्होंने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए पोषण सुरक्षा अत्यंत आवश्यक है और प्रदेश सरकार इस दिशा में निरंतर प्रभावी कदम उठा रही है।

पीएम पोषण योजना के अंतर्गत प्राथमिक स्तर के बच्चों को प्रतिदिन न्यूनतम 450 कैलोरी ऊर्जा और 12 ग्राम प्रोटीन उपलब्ध कराया जा रहा है, जबकि उच्च प्राथमिक स्तर के विद्यार्थियों को प्रतिदिन 700 कैलोरी ऊर्जा और 20 ग्राम प्रोटीन सुनिश्चित किया जा रहा है। यह पोषण मानक बच्चों के शारीरिक विकास, रोग प्रतिरोधक क्षमता, मानसिक एकाग्रता तथा शैक्षणिक उपलब्धियों को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। योगी सरकार बच्चों के भोजन को अधिक संतुलित एवं पोषणयुक्त बनाने के लिए सप्ताह के विभिन्न दिनों में दाल, हरी सब्जियां, सोयाबीन युक्त व्यंजन, दूध एवं मौसमी फल उपलब्ध करा रही है। इससे बच्चों को काबोर्हाइड्रेट, प्रोटीन, विटामिन, आयरन एवं अन्य आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्व नियमित रूप से प्राप्त हो रहे हैं। यह व्यवस्था बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ उनके समग्र विकास को भी गति प्रदान कर रही है।

संदीप सिंह ने कहा कि प्रदेश सरकार का लक्ष्य केवल बच्चों को भोजन उपलब्ध कराना नहीं, बल्कि उन्हें स्वस्थ, सक्षम और आत्मविश्वासी नागरिक के रूप में विकसित करना है। उन्होंने कहा कि बेहतर पोषण से बच्चों के स्वास्थ्य, उपस्थिति और शैक्षणिक प्रदर्शन में सकारात्मक परिवर्तन देखने को मिल रहे हैं। शिक्षा और पोषण को एक साथ जोड़कर सरकार कुपोषण मुक्त उत्तर प्रदेश के संकल्प को साकार करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रही है।

# खाद्य सुरक्षा एवं औषधि विभाग को लेकर व्यापारियों ने किया प्रदर्शन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की कार्यप्रणाली के विरोध में मंगलवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों और व्यापारियों ने प्रदर्शन किया। उन्होंने सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपकर विभागीय अधिकारियों पर सैंपलिंग के नाम पर उत्पीड़न, अवैध वसूली और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए। व्यापारियों ने इन आरोपों पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है। व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी मांगों पर कार्रवाई नहीं हुई, तो जिलेभर के खाद्य व्यवसायी अपनी दुकानें बंद कर उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे। व्यापार मंडल के नेता अखिलेश अवस्थी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में व्यापारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया।उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से खाद्य विभाग के अधिकारी व्यापारियों को परेशान कर रहे हैं, सैंपलिंग और जांच के नाम पर दबाव बनाकर अवैध वसूली की जा रही है। अखिलेश अवस्थी ने यह भी आरोप लगाया कि बाजार से लगातार ऐसी शिकायतें मिल रही हैं कि खाद्य विभाग के कुछ अधिकारी निजी लोगों को साथ लेकर जाते हैं और व्यापारियों का शोषण करते हैं। उन्होंने मौजूदा आर्थिक स्थिति का हवाला देते हुए कहा कि वैश्विक मंदी और बढ़ती लागत के कारण व्यापार पहले से ही प्रभावित है।रेस्टोरेंट, मिठाई की दुकानें और अन्य खाद्य कारोबार करने वाले व्यापारी आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं, और ऐसे में विभागीय अधिकारियों का यह रवैया उनकी परेशानियों को और बढ़ा रहा है।व्यापारी नेता ने स्पष्ट किया कि व्यापारी खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करने और शुद्ध खाद्य सामग्री बेचने के लिए प्रतिबद्ध हैं। व्यापार मंडल सैंपलिंग प्रक्रिया का विरोध नहीं करता, लेकिन सैंपलिंग की आड़ में होने वाले कथित भ्रष्टाचार और उत्पीड़न को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने मांग की कि दोषी अधिकारियों की आय से अधिक संपत्ति की जांच कराई जाए और दोषी पाए जाने पर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। अखिलेश अवस्थी ने अंत में यह भी आरोप लगाया कि कुछ अधिकारी अपनी गलत कार्यशैली से प्रदेश सरकार की छवि को नुकसान पहुंचा रहे हैं।उन्होंने कहा कि यदि भ्रष्टाचार और अवैध छापेमारी पर रोक नहीं लगी तो जिले के सभी खाद्य व्यवसायी एकजुट होकर अपनी दुकानें बंद कर देंगे और अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन शुरू करेंगे। प्रदर्शन के बाद व्यापारियों ने सिटी मजिस्ट्रेट मनोज सिंह को ज्ञापन सौंपा।इस संबंध में अखिलेश अवस्थी ने बताया कि सिटी मजिस्ट्रेट ने उनकी मांगों और शिकायतों को जिलाधिकारी तक पहुंचाने का आश्वासन दिया है। व्यापारियों को उम्मीद है कि प्रशासन उनकी समस्याओं पर गंभीरता से विचार करेगा और जल्द उचित कार्रवाई की जाएगी। व्यापार मंडल ने स्पष्ट किया कि यदि आगामी 15 दिनों के भीतर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया और सैंपलिंग के नाम पर भ्रष्टाचार की शिकायतें मिलती रहीं तो उन्नाव का व्यापारिक समुदाय बड़े स्तर पर आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। इस दौरान व्यापारियों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग दोहराई।

# ठगी की गई रकम को साइबर क्राइम टीम ने कराई वापस

अमन लेखनी समाचार




बांगरमऊ, उन्नाव। साइबर ठगी के बढ़ते मामलों के बीच साइबर क्राइम टीम ने अपनी दक्षता और त्वरित कार्रवाई का परिचय देते हुए एक पीड़ित युवक को बड़ी राहत दिलाई है।साइबर अपराधियों द्वारा धोखाधड़ी कर बैंक खाते से उड़ाई गई लगभग ढाई लाख रुपये की रकम में से 1.87 लाख रुपये वापस कराकर टीम ने न केवल पीड़ित का भरोसा लौटाया बल्कि आमजन में भी साइबर सुरक्षा के प्रति विश्वास मजबूत किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मदार नगर निवासी अमन कुमार पुत्र राम किशोर साइबर ठगी का शिकार हो गए थे। साइबर अपराधियों ने उनके बैंक खाते से धोखाधड़ी कर कुल 2,37,954 रुपये निकाल लिए थे। घटना के बाद पीड़ित ने बीते 1 अप्रैल को कोतवाली में शिकायत दर्ज कराते हुए न्याय की गुहार लगाई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाल अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने तत्काल जांच साइबर क्राइम टीम को सौंप दी। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर मामले की पड़ताल शुरू की और संबंधित बैंक तथा अन्य संस्थाओं से लगातार पत्राचार एवं समन्वय किया।करीब दो माह की मेहनत और सतत प्रयासों के बाद साइबर क्राइम टीम पीड़ित के खाते में 1,87,000 रुपये वापस कराने में सफल रही। राशि वापस मिलने की सूचना मिलते ही अमन कुमार के चेहरे पर खुशी लौट आई। उन्होंने पुलिस एवं साइबर क्राइम टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि इतनी बड़ी रकम वापस मिल सकेगी। लेकिन पुलिस की सक्रियता से उन्हें न्याय मिला है। कोतवाल अखिलेश चंद्र पाण्डेय ने लोगों से अपील की कि किसी भी अनजान कॉल, लिंक या ओटीपी साझा करने से बचें तथा साइबर ठगी की स्थिति में तत्काल हेल्पलाइन 1930 अथवा नजदीकी थाने में शिकायत दर्ज कराएं।उन्होंने कहा कि समय पर सूचना मिलने से ठगी गई धनराशि वापस मिलने की संभावना काफी बढ़ जाती है।

# ज्येष्ठ के पांचवे बड़े मंगलवार को जगह जगह भंडारे का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर मंगलवार को उन्नाव शहर और शुक्लागंज में भक्तिमय माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने भगवान हनुमान की विशेष पूजा-अर्चना की, सुंदरकांड पाठ आयोजित किए गए और जगह-जगह भंडारे व शरबत का वितरण किया गया। सुबह से देर शाम तक मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर भक्तों की भीड़ उमड़ी रही। बड़े मंगल के अवसर पर शहर के प्रमुख हनुमान मंदिरों में भारी भीड़ देखी गई। भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की। मंदिर परिसर 'जय श्रीराम' और 'जय बजरंगबली' के जयकारों से गूंजते रहे। कई स्थानों पर सामूहिक हनुमान चालीसा और सुंदरकांड पाठ का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।शुक्लागंज सहित उन्नाव शहर के विभिन्न मोहल्लों, चौराहों और बाजारों में भंडारों का आयोजन किया गया। इन भंडारों में श्रद्धालुओं और राहगीरों को सब्जी-पूरी, हलवा, बूंदी, प्रसाद और शरबत वितरित किया गया। भीषण गर्मी के बीच लगाए गए शरबत शिविर लोगों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहे, जहां राहगीरों ने ठंडे पेय पदार्थों का सेवन कर राहत पाई। इन धार्मिक आयोजनों में सामाजिक संगठनों, व्यापारिक प्रतिष्ठानों और स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर सहयोग किया। कई स्थानों पर स्वयंसेवक प्रसाद वितरण, पेयजल व्यवस्था और श्रद्धालुओं के मार्गदर्शन में सक्रिय रहे। आयोजकों ने श्रद्धालुओं की सुविधा और सुरक्षा के लिए विशेष इंतजाम किए थे, जिससे सभी कार्यक्रम पूरे दिन शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न हुए।धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, ज्येष्ठ माह के प्रत्येक मंगलवार को बड़ा मंगल कहा जाता है। ऐसा माना जाता है कि इस दिन भगवान हनुमान की विशेष पूजा करने, सुंदरकांड का पाठ करने और भंडारा आयोजित करने से जीवन के कष्ट दूर होते हैं तथा भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।इसी आस्था और विश्वास के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में श्रद्धालु इन धार्मिक आयोजनों में भाग लेते हैं।पूरे दिन चले इन धार्मिक कार्यक्रमों के कारण उन्नाव और शुक्लागंज में भक्ति और सेवा का अनूठा संगम देखने को मिला। मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ और जगह-जगह लगे भंडारों ने इस दिन को और भी विशेष बना दिया।

# थाना परिसर में वाहनों की आयोजित की गई नीलामी



अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना परिसर में मंगलवार को वाहनों की नीलामी आयोजित की गई।इस नीलामी में आठ बाइक और एक ई-रिक्शा को 40 हजार रुपये में बेचा गया। रसूलाबाद मोहल्ला बेगम नगर निवासी शान मोहम्मद ने सर्वाधिक बोली लगाकर इन वाहनों को खरीदा।यह नीलामी पूर्व घोषित तिथि पर नायब तहसीलदार हसनगंज और एसपीओ की मौजूदगी में हुई। नीलामी में तीन कबाड़ियों ने हिस्सा लिया। इनमें शान मोहम्मद के अलावा शादाब अहमद (रसूलाबाद मोहल्ला बेगम नगर) और इस्लाम (कस्बा सफीपुर के मोहल्ला किला बाजार) शामिल थे।शादाब अहमद ने 39,000 रुपये की बोली लगाई थी, जिसके जवाब में शान मोहम्मद ने 40,000 रुपये की अंतिम बोली लगाकर वाहनों को अपने नाम कर लिया। इस अवसर पर नायब तहसीलदार हसनगंज अविनाश चौधरी, एसपीओ उन्नाव अनंत त्रिपाठी, हसनगंज तहसील बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम नरेश यादव और आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# डंफर और बाइक की, टक्कर में, बाइक सवार मौसेरे भाइयों की दर्दनाक मौत

अमन लेखनी समाचार



पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत गोकुल पुर गांव के पास मंगलवार सुबह तकरीबन 8 बजे तेज रफ्तार मौरंग लदे डंफर ने बाइक सवार मौसेरे भाईयो को रौंद दिया, जिसमें बाइक सवार मौसेरे भाइयों की मौके पर ही मौत हो गई, डंफर की टक्कर लगने के बाद बाइक सवार डंफर के नीचे आ गए, जिससे डंफर से कुचलने के बाद मृतको के शव बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए, डंफर चालक व परिचालक डंफर छोड़कर मौके से, फरार हो गए ! राहगीरों द्वारा पुरवा कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई, सूचना मिलते ही , क्षेत्राधिकारी पुरवा अरविंद चौरसिया और कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य पुलिस बल के साथ मौके पर पहुँचे, पुलिस द्वारा घटनास्थल का अस्थलीय निरीक्षण कर शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस उन्नाव भेज दिया गया है !पुलिस द्वारा मृतको के, परिजनों को सूचना दी गई ! मृतकों की पहचान अभय सिंह उम्र लगभग 28 वर्ष पुत्र कमलेश सिंह व सूर्यांश सिंह 13 वर्ष पुत्र सुदीप सिंह, निवासी बेहटा नथई सिंग थाना अचलगंज जिला उन्नाव के रूप में हुई है ! परजनो के अनुसार दोनों युवक पीलिया की दवा लेने जा रहे थे ! तभी पुरवा कोतवाली क्षेत्र के गोकुल पुर मोड के पास सामने से आ रहे अनियंत्रित मौरंग लदे डंफर ने, सामने से जोरदार टक्कर मार दी ! दोनो मृतक अपनी ननिहाल में, नाना की गद्दी पर रहते थे ! वहीं डंफर को पुलिस द्वारा कब्जे में ले लिया गया है ! मृतक अभय सिंह विवाहित था, जिसकी शादी तकरीबन डेढ़ वर्ष पूर्व सिखा से हुई थी,जिसका एक 6 माह का दुधमुंहा बेटा आरव है, हादसे की सूचना मिलते हैं, परिजनों में हड़कंप मच गया, पत्नी सिखा सहित परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है ! पुरवा कोतवाली प्रभारी भवन सिंह मौर्य द्वारा बताया गया है कि, परिजनों के द्वारा डंफर और चालक के खिलाफ तहरीर दी गई है, डंफर को सीज कर आगे की नियमानुसार विधिक करवाई की जा रही है !

# दुकान मालिक के आंखों में मिर्च झोंककर किया लुट का प्रयास

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव।सदर कोतवाली क्षेत्र स्थित छोटे चौराहा पर सोमवार रात एक इलेक्ट्रॉनिक्स दुकान पर लूट का प्रयास किया गया। बदमाशों ने दुकान मालिक की आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। व्यापार मंडल के पदाधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचे और जल्द खुलासे की मांग की। छोटे चौराहा स्थित 'न्यू गुप्ता इलेक्ट्रा' नामक दुकान पर सोमवार रात अज्ञात बदमाश पहुंचे। आरोप है कि बदमाशों ने दुकान मालिक दीपचंद पुत्र प्रकाश चंद्र की आंखों में मिर्च पाउडर डाल दिया, जिससे वह असहज हो गए। इसी दौरान बदमाशों ने लूटपाट का प्रयास किया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बदमाश व्यापारी का मोबाइल फोन भी अपने साथ ले गए।घटना की सूचना मिलने पर व्यापार मंडल के पदाधिकारी अखिलेश अवस्थी मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि उन्हें व्यापारियों से जानकारी मिली कि 'न्यू गुप्ता इलेक्ट्रा' के मालिक के साथ मिर्च पाउडर डालकर लूट का प्रयास किया गया है। हालांकि, घटना में कितनी नकदी या सामान की लूट हुई है, इसकी स्पष्ट जानकारी अभी नहीं मिल पाई है, क्योंकि पीड़ित व्यापारी मिर्च पाउडर के कारण सामान्य स्थिति में नहीं थे।अखिलेश अवस्थी ने शहर के व्यस्त इलाके में रात के समय हुई इस घटना पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने पुलिस प्रशासन से बाजार क्षेत्रों में गश्त और चेकिंग व्यवस्था को मजबूत करने की मांग की, ताकि ऐसी घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।उन्होंने यह भी कहा कि दोषियों की जल्द गिरफ्तारी और घटना के खुलासे के लिए व्यापारियों की ओर से पुलिस अधिकारियों से बातचीत की जाएगी।घटनास्थल पर पहुंचे कोतवाली इंस्पेक्टर चंद्रकांत मिश्रा ने आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि घटना में कितने लोग शामिल थे और व्यापारी से क्या-क्या सामान या नकदी छीनी गई।

# युवक व युवती का मिला शव, दो माह पूर्व दोनों ने किया था प्रेम विवाह

अमन लेखनी समाचार





पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में सोमवार शाम तूरी माइनर के पास एक युवक और महिला के शव मिलने से सनसनी फैल गई। दोनों ने करीब दो महीने पहले प्रेम विवाह किया था और किराए के मकान में रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में जहरीला पदार्थ खाने से मौत की आशंका जताई जा रही है, हालांकि पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के तूरी माइनर के पास सोमवार शाम एक युवक और महिला के शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतकों की पहचान तूरी गांव निवासी 57 वर्षीय अनिल कुमार शुक्ला पुत्र राम प्रताप शुक्ला और निद्दाखेड़ा निवासी 30 वर्षीय सोनी लोधी के रूप में हुई है। पहचान होने के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी, जिसके बाद घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जुट गई।जानकारी के अनुसार अनिल कुमार शुक्ला क्षेत्र में एक निजी क्लीनिक संचालित करते थे। परिजनों ने बताया कि वह सोमवार दोपहर उन्नाव जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन वापस नहीं लौटे। सोमवार सुबह उनका शव मिलने की सूचना से परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस की शुरूआती जांच में दोनों की मौत जहरीला पदार्थ खाने से होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा।स्थानीय लोगों के मुताबिक अनिल कुमार शुक्ला और सोनी लोधी ने करीब दो माह पहले प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद दोनों उन्नाव शहर में किराए के मकान में रह रहे थे। दोनों के शव एक साथ मिलने के बाद इलाके में तरह-तरह की चचाएं शुरू हो गई हैं।परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार अनिल कुमार शुक्ला ने पहली पत्नी को तलाक नहीं दिया था। उनकी दो बेटियां हैं, जिनमें से एक की शादी भी हो चुकी है। पहली पत्नी अभी भी उनके पैतृक घर में रहती है। इसी बीच उन्होंने सोनी लोधी से प्रेम विवाह कर लिया था और पिछले दो महीने से उसके साथ अलग रह रहे थे।सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया और कोतवाली प्रभारी भुवन सिंह मौर्य मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और मौके से साक्ष्य भी जुटाए हैं।सूचना मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी अरविंद चौरसिया और कोतवाली प्रभारी भुवन सिंह मौर्य मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की है और मौके से साक्ष्य भी जुटाए हैं। सीओ अरविंद चौरसिया ने बताया कि दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी हो सकेगी। फिलहाल आत्महत्या, दुर्घटना और अन्य संभावित पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है।

# पत्नी की पिटाई कर रहे युवक को पड़ोसी ने रोका तो फोड़ा उसका सर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज थाना क्षेत्र में अपनी पत्नी की पटाई कर रहे पति को रोकना पड़ोसी को उस समय भारी पड़ गया।जब उसने पत्नी को छोड़ अपना सारा गुस्सा पड़ोसी पर उतार दिया। गुस्साए पति ने पड़ोसी को पीट पीट कर लहूलुहान कर उसका सर फोड़ दिया। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए सीएचसी भेजा है। अचलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बाबूखेड़ा निवासी सर्वेश मंगलवार की दोपहर दरवाजे पर अपनी पत्नी को बुरी तरह पीट रहा था मोहल्ले में शोर शराबा सुन पड़ोसी सोनू लोधी जो रिश्ते में उसका वाला चचेरा भाई लगता है वह भी घर के बाहर आकर देखा तो सर्वेश को मारपीट करने से मना किया। जिस पर गुस्साए सर्वेश ने अचानक पत्नी को छोड़ उस पर हमला कर दिया।

## युवती ने युवक से बात करने से किया मना आरोपी ने पीटा

अमन लेखनी समाचार

सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बिहार अंतर्गत युवती को युवक से बात न करना महंगा पड़ गया। आक्रोशित युवक ने युवती को जमकर पीट दिया। पीड़िता द्वारा तहरीर दिए जाने पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना क्षेत्र के गाँव लोनियनखेड़ा निवासिनी महिमा पुत्री दयाराम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि शनिवार शाम वह मोबाइल चार्ज करने बिहार स्थित आस्था आइस्क्रीम फैक्ट्री गयी थी । गाँव का लड़का अरविन्द पुत्र रामकिशोर वही काम करता था। जब वह मोबाइल लेने आइसक्रीम फैक्ट्री गयी तब अरबिन्द ने कहा कि तुम मुझसे बात क्यो नही करती हो मेरे द्वारा मना करने पर वह मुझे मारने लगा। जब मैं भाग कर हाइवे पर आ गयी तब उसने वहां भी मारपीट की। अन्य लोगो के आ जाने पर गंदी गंदी गालियां देकर जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। इस बावत जब थानाध्यक्ष

# डीएम ने पांच अपराधियों को छः माह के लिए किया जिला बदर

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। डीएम घनश्याम मीणा ने उन्नाव में अपराध और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए 5 आरोपियों को छह माह के लिए जिला बदर कर दिया है। यह कार्रवाई उत्तर प्रदेश गुंडा नियंत्रण अधिनियम के तहत की गई है, क्योंकि ये आरोपी विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त पाए गए और शांति व्यवस्था के लिए खतरा बन रहे थे। जिला बदर किए गए आरोपियों में रसूलपुर थाना बेहटा मुजावर निवासी आशीष सिंह उर्फ छोटू पुत्र अशोक सिंह, रामबख्श खेड़ा थाना अचलगंज निवासी रंजीत पुत्र कमल किशोर, बनवा थाना सफीपुर निवासी महिप पुत्र मोहम्मद कलीम, कटहा नारायणपुर थाना गंगाघाट निवासी विशाल पुत्र देवी दिन और कुशहरी थाना सोहरामऊ निवासी शिवम पुत्र प्रकाश लोध शामिल हैं। प्रशासनिक सूत्रों के अनुसार, इन सभी व्यक्तियों के खिलाफ विभिन्न थानों में आपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस द्वारा प्रस्तुत रिपोर्ट और उपलब्ध अभिलेखों की जांच के बाद, जिलाधिकारी ने पाया कि इनकी गतिविधियां जनसामान्य की सुरक्षा, शांति व्यवस्था और कानून व्यवस्था के लिए हानिकारक हैं। इसी आधार पर इन्हें छह माह के लिए उन्नाव जनपद की सीमा से बाहर रहने का आदेश दिया गया है। जिला बदर आदेश लागू होने के बाद, संबंधित आरोपी बिना सक्षम अनुमति के जनपद की सीमा में प्रवेश नहीं कर सकेंगे। आदेश का उल्लंघन करने पर उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस विभाग को भी इन व्यक्तियों की गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने और आदेश का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। प्रशासन का मानना है कि ऐसी कार्रवाई से अपराधियों में कानून का भय पैदा होगा और आम नागरिकों को सुरक्षित वातावरण मिलेगा। जिलाधिकारी घनश्याम मीणा कानून व्यवस्था को मजबूत करने के लिए सक्रिय हैं। एसएसपी जयप्रकाश सिंह ने कहा कि जिला बदर की कार्रवाई अपराध नियंत्रण का एक प्रभावी उपाय है, जिससे असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगता है। और क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन को सहयोग मिलता है।

# युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र के मर्दनखेड़ा गांव में सोमवार को एक 18 वर्षीय युवती ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के बाद परिजनों में शोक व्याप्त है। मर्दनखेड़ा निवासी गया प्रसाद की पुत्री महक (18) ने सोमवार को अज्ञात कारणों से दुपट्टे से फांसी लगा ली। जब तक परिजन उसे फंदे से उतारते, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। परिजनों ने बताया कि महक अपने भाई-बहनों में सबसे छोटी थी। उसके परिवार में एक बड़ी बहन प्रीति और एक भाई सूरज हैं। इस घटना से पिता गया प्रसाद, भाई-बहन और माता सहित पूरा परिवार गहरे सदमे में है। घटना की सूचना मिलते ही माखी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतरवाकर अपने कब्जे में लिया। पुलिस ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। युवती ने यह कदम क्यों उठाया, इसके कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। पुलिस परिजनों और आसपास के लोगों से पूछताछ कर मामले की गहनता से जांच कर रही है।पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों और आगे की विधिक कार्रवाई स्पष्ट हो सकेगी। गांव के लोगों के अनुसार, महक शांत स्वभाव की थी। इस अचानक हुई घटना से ग्रामीण भी हैरान हैं। पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है।

# नशे के आदि युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। माखी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह घर से रस्सी लेकर पम्पिंग सेट उठाने की बात कह कर गए युवक का शव गांव से करीब दो किलो मीटर दूर मंदिर के पीछे जगंल में पीपल के पेड़ में रस्सी के सहारे फासी पर लटकता देख ग्रामीणों ने पहचान कर परिजनों को घटना की सूचना दी रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे और पुलिस को घटना की सूचना दी पुलिस फारेन्सिक टीम के साथ जांच पड़ताल कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया मृतक के परिजनों द्वारा अभी कोई आरोप नही लगाया गया है। थाना क्षेत्र के जंगल जहानाबाद (टनटन नगर) गांव निवासी हरिशंकर पुत्र राम खेलावन 35 वाहन चालक के साथ लकड़ी कटान का काम करता था और नशे का आदि था जिससे उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी जिसको लेकर दो महीने पहले पति पत्नी के बीच विवाद हो गया था जिस पर पत्नी रामरती पिता के घर बाजीखेडा मायके चली गयी थी मंगलवार की सुबह हरिशंकर घर से रस्सी लेकर पम्पिंग सेट उठाने की बात कहकर निकला था और ससुराल के निकट टीका दास मंदिर पहुंच गया बताते हैं कि यहां भी पत्नी से बात चीत करने के बाद उसने मंदिर के पीछे जगंल में खड़े पीपल के पेड़ में रस्सी का फंदा बना कर फासी लगा ली उधर से निकले ग्रामीणों ने शव लटकता देखा तो शोर मच गया और आस पास के लोगों ने उसकी पहचान कर उसकी ससुराल व परिजनों को घटना की सूचना दी रोते बिलखते परिजन मौके पर पहुंचे मृतक के छोटे भाई ने पुलिस को सूचना दी पुलिस ने फारेन्सिक टीम के साथ मौके पर पहुंच कर जांच कर शव को पीएम के लिए भेज दिया मृतक तीन भाइयों के बीच मझंला था बड़ा भाई हरीराम सबसे छोटा रवी है सभी अलग अलग रहते हैं मृतक की तीन बेटीयां गायत्री, रूचि व महक हैं पत्नी रामरती मां राधा रानी बेटे की मौत से आहत हैं इस सम्बंध में थाना प्रभारी योगेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक नशे का आदि था जिससे उसकी मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी उसी के चलते फासी लगा ली सूचना पर शव को पीएम के लिए भेज दिया गया है किसी तरह का कोई आरोप नहीं लगाया गया है।

## सम्पादकीय

# अडियल रुख ने खटाई में डाली शांति वार्ता

अमेरिका और ईरान के अडियल रुख ने पश्चिम एशिया वार्ता को एक बार फिर खटाई में डाल दिया है। मुश्किल यह है कि दोनों ही देश खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं। यह वार्ता जब कुछ आगे बढ़ती है तो दोनों ही देशों के रुख के कारण जल्द ही ठप हो जाती है। एक माह से भी अधिक समय हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो दोनों ही देश युद्ध विराम पर सहमत हैं, लेकिन मुश्किल होर्मुज को लेकर है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से जूझ रही है। भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। धीरे-धीरे इसका प्रभाव और बढ़ता जा रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया परेशान है। क्रूड की कीमतें अभी उच्चस्तर पर बनी हुई हैं। आपूर्ति संकट ने चालू बाजार में तेल की कीमतें बढ़ाई हुई हैं। ऐसा नहीं है कि पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों से अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है। अमेरिका में पेट्रोल (गैसोलीन) की वर्तमान राष्ट्रीय औसत कीमत लगभग 4.39 डॉलर प्रति गैलन (लगभग 96 रुपये प्रति लीटर) हैं। पश्चिम एशिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां युद्ध और शांति के बीच की दूरी बेहद कम दिखाई दे रही है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को भी चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वार्ताओं का दौर चल रहा है, लेकिन ठोस नतीजे सामने नहीं आ पाए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह दोनों पक्षों का अडियल रवैया और अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता कराने की जिद है। हालांकि हाल के सप्ताहों में बड़े सैन्य टकराव नहीं हुए हैं और दोनों देश युद्धविराम जैसे माहौल को बनाए रखने में सफल रहे हैं, लेकिन इससे स्थायी शांति की उम्मीद नहीं बंधती। असली विवाद होर्मुज जलडमरूमध्य और उससे जुड़े सुरक्षा तथा आर्थिक मुद्दों को लेकर है। दुनिया के कुल समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार का तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करता है। वर्तमान संकट का असर पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में दिखाई दे रहा है, जहां कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ऊर्जा संकट का सबसे अधिक प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है। भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों पर दबाव बढ़ा है। परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। यही कारण है कि यूएस-ईरान तनाव अब केवल दो देशों का द्विपक्षीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। वहीं, अमेरिका में नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप अपनी पार्टी रिपब्लिकन को जीत की खबर देना चाहते हैं। यही ईरान के साथ वार्ता का जोखिम भरा बिंदू भी है। ट्रंप हर प्रस्ताव को इसी पैमाने पर तौलते हैं। उन्हें हर बार इसके लिए कुछ और चाहिए होता है, जिसके कारण हर बार वार्ता खटाई में पड़ जाती है। देखा जाए तो ट्रंप जैसा समझौता चाहते हैं वैसे में सहमति बनने में कई माह लग सकते हैं। अब सबसे पहले होर्मुज और जरूरी मुद्दों पर सहमति बनाकर हालात सामान्य किए जाएं। इसके बाद समय लेकर जटिल मुद्दे सुलाझाएं जाएं तो यह काफी हद तक तर्कसंगत हो सकता है।

## मंथन

नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# क्या सुरक्षित हैं हमारी राष्ट्रीय परीक्षाएं?

देश में इन दिनों एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षाओं की विश्वसनीयता चर्चा के केंद्र में है। पहले नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रबंधन को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों को चिंतित किया था। इसके बाद सीबीएसई की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की खबरें सामने आईं। अब विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली सीयूईटी-यूजी परीक्षा में तकनीकी समस्याओं और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। इन घटनाओं ने केवल कुछ परीक्षाओं की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है, बल्कि उस पूरे तंत्र की विश्वसनीयता को चुनौती दी है, जिस पर करोड़ों युवाओं के सपने और भविष्य आधारित हैं। आज प्रश्न केवल यह नहीं है कि किसी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि क्यों हुई, बल्कि यह है कि क्या भारत की परीक्षा व्यवस्था तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त रूप से तैयार कर पा रही है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। यहां हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इन परीक्षाओं का महत्व केवल नौकरी या प्रवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि ये सामाजिक गतिशीलता, अवसरों की समानता और प्रतिभा के सम्मान का माध्यम भी होती हैं। ऐसे में जब किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह युवाओं के मनोबल, व्यवस्था के प्रति विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर भी पड़ता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में बार-बार सामने आ रही परीक्षा संबंधी समस्याएं एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गई हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की स्थापना वर्ष 2017 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं का संचालन अधिक पेशेवर, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से किया जा सके। इसके माध्यम से जेईई, नीट, सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को एक सुव्यवस्थित ढांचे के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया। प्रारंभिक वर्षों में यह व्यवस्था अपेक्षाकृत सफल भी दिखाई दी। डिजिटल तकनीक के उपयोग, ऑनलाइन परीक्षाओं और केंद्रीकृत प्रबंधन ने प्रक्रिया को आधुनिक बनाने में मदद की। किंतु समय के साथ अनेक विवादों और तकनीकी चुनौतियों ने यह संकेत दिया कि केवल संस्थागत ढांचा बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी कार्यकुशलता और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सीयूईटी-यूजी परीक्षा में सामने आई तकनीकी समस्याएं इसी व्यापक संकट का हिस्सा हैं। कई केंद्रों पर सर्वर संबंधी दिक्कतें, कंप्यूटरों की खराबी, लॉगिन में विलंब तथा परीक्षा संचालन में बाधाएं देखने को मिलीं। डिजिटल परीक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य मानवीय त्रुटियों को कम करना और प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना था, लेकिन जब तकनीक स्वयं समस्या का कारण बन जाए तो विद्यार्थियों के लिए यह दोहरी चुनौती बन जाती है। परीक्षा के दौरान कुछ मिनटों का व्यवधान भी किसी अभ्यर्थी के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या तकनीकी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से परखा और मजबूत किया गया था। समस्या का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम परीक्षा के बढ़ते डिजिटलीकरण से जुड़ा है। डिजिटल तकनीक निस्संदेह आधुनिक परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता है, किंतु इसके साथ अनेक जोखिम भी जुड़े हैं। साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सर्वर क्षमता, नेटवर्क स्थिरता और आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां लाखों विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देते हैं, वहां किसी भी तकनीकी विफलता का प्रभाव बहुत व्यापक हो सकता है। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसका सुरक्षित, विश्वसनीय और निरंतर परीक्षण किया हुआ होना है। नीट, सीबीएसई या सीयूईटी जैसे विवाद केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। ये उस गहरे संस्थागत संकट के संकेत हैं, जो परीक्षा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर मौजूद कमजोरियों को उजागर कर रहे हैं। आवश्यकता केवल तात्कालिक संकट प्रबंधन की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की है। ऐसी परीक्षा व्यवस्था का निर्माण करना होगा जिसमें तकनीक सहायक बने, बाधा नहीं; प्रशासन जवाबदेह हो, उदासीन नहीं; और सबसे बढ़कर, विद्यार्थियों को यह विश्वास हो कि उनकी सफलता का आधार केवल उनकी प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता है। जब यह विश्वास स्थापित होगा, तभी परीक्षा वास्तव में ज्ञान और क्षमता की परीक्षा होगी, न कि व्यवस्था पर भरोसे की।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



**बड़ी उपलब्धि**

पीयूष गोयल

# खाड़ी देशों में अवसरों के 'द्वार' खोले

**भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिए भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200–300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं।**

एक जून से लागू हो रहा भारत-ओमान मुक्त व्यापार समझौता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस मिशन की एक निर्णायक उपलब्धि है, जिसका लक्ष्य नए बाजार खोलने और रोजगार सृजन को गति देने के जरिए भारत के छात्रों, कारीगरों, महिलाओं, किसानों, मछुआरों और एमएसएमई के लिए वैश्विक समृद्धि के मार्ग बनाना है। भारत और ओमान के बीच गहरे आर्थिक संबंध हैं और लोगों के आपसी संबंध प्रगाढ़ हैं। ओमान में लगभग 7 लाख भारतीय रहते हैं, जिनमें वे व्यापारी परिवार भी शामिल हैं, जिनकी जड़ें 200–300 साल पुरानी हैं। ओमान से भारत को भेजी जाने वाली वार्षिक धनराशि लगभग 2 बिलियन डॉलर है, जबकि देश में 6,000 से अधिक भारतीय उद्यम कार्यरत हैं। दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक भागीदारी समझौता (सीईपीए) आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को महत्वपूर्ण रूप से सुदृढ़ करता है। यह तुरंत ही ओमान में 98% टैरिफ लाइनों के लिए 100 प्रतिशत शुल्क मुक्त बाजार पहुंच की सुविधा देता है, जिसमें 99.38 प्रतिशत निर्यात शामिल है। यह सीईपीएसे पहले की प्रणाली की तुलना में एक उल्लेखनीय सुधार को दर्शाता है। पहले की प्रणाली में केवल 15.3 प्रतिशत भारतीय निर्यात ओमान में शून्य शुल्क के साथ प्रवेश कर सकते थे। भारत की ऐसी वस्तुएं, जिन पर वर्तमान में ओमान में 5 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है और जिनकी कीमत लगभग 3.64 बिलियन डॉलर के निर्यात के बराबर है, अब काफी अधिक प्रतिस्पर्धी हो जाएंगी। भारत के एमएसएमई क्षेत्र के लिए, यह समझौता परिवर्तनकारी हो सकता है, क्योंकि सीईपीए से लाभान्वित होने वाले कई क्षेत्रों में छोटे व्यवसायों की प्रमुखता है। लोहा और इस्पात, वस्त्र, चमड़ा, वाहन कल-पुर्जे और औद्योगिक उपकरण जैसे कुछ क्षेत्रों में एमएसएमई को बड़े अंतरराष्ट्रीय ऑर्डर मिलने की उम्मीद है, जिससे उत्पादन, निवेश और रोजगार को बढ़ावा मिलेगा।

बढ़ती वैश्विक अस्थिरता के युग में, सीईपीएभारतीय निर्यातकों को,जो आर्थिक मंदी और बढ़ते व्यापार बाधाओं का सामना कर रहे हैं, अपने बाजारों को विविध बनाने और परंपरागत बाजारों पर निर्भरता कम करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करता है। यह व्यापार समझौता श्रम-गहन क्षेत्रों जैसे वस्त्र और परिधान, चमड़ा और जूते, खाद्य प्रसंस्करण, समुद्री उत्पाद, रत्न और आभूषण और कुछ इंजीनियरिंग क्षेत्रों को लाभ पहुंचाता है, जो भारत के प्रमुख रोजगार प्रदाता हैं। ओमान को होने वाले वस्त्र निर्यात में वृद्धि से उत्पादन में बढ़ोतरी होगी और तिरुपुर, सूरत, लुधियाना, पानीपत, कोयंबटूर, करूर, भदोही, मुरादाबाद, जयपुर और अहमदाबाद जैसे प्रमुख क्लस्टर में रोजगार के अवसरों का सृजन होगा। भारत भर के कारीगर और बुनकर भी अपने उत्पादों की उच्च अंतरराष्ट्रीय मांग से लाभान्वित होंगे। भारत भर में, विशेष रूप से तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में, साथ ही महाराष्ट्र, पंजाब, कर्नाटक और मध्य प्रदेश के कुछ हिस्सों समेत चमड़ा और जूता के प्रमुख केंद्रों मं भी रोजगार के अवसर सृजित होंगे। रत्न और आभूषण क्षेत्र एक अन्य उदाहरण है, जो दिखाता है कि सीईपीए रोजगार वृद्धि को किस प्रकार तेज करेगा। भारत के पास पहले से ही कटे और पॉलिश किए हुए हीरे, सोने और चांदी के आभूषण तथा हस्तनिर्मित आभूषण उत्पादन में




मजबूत क्षमताएं हैं। शुल्क बाधाओं के हटने से, भारतीय निर्यातकों को यूरोपीय और एशियाई प्रतिस्पर्धियों पर निर्णायक बढ़त मिलेगी। उद्योग जगत का अनुमान है कि अगले तीन वर्षों में ओमान को होने वाला निर्यात बढ़ कर 150 मिलियन डॉलर तक हो सकता है। इससे पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, राजस्थान और गुजरात के आभूषण निर्माण केंद्रो में महत्वपूर्ण रोजगार संभावनाएं सृजित होने की उम्मीद है। घरेलू किसानों और संवेदनशील कृषि हितों की सुरक्षा के लिए, भारत ने गेहूं, चावल, मक्का, मोटे अनाज, डेयरी, फल, सब्जियां, खाद्य तेल, तिलहन, चाय, कॉफी और शहद जैसे प्रमुख उत्पादों पर कोई टैरिफ छूट नहीं दी है।

घी, शहद, मीठे बिस्कुट, अंडे और कुछ मिष्ठान्न उत्पादों में भारत को प्रतिद्वंद्वियों पर प्रतिस्पर्धात्मक लाभ मिलेगा, जिससे देश के कृषि उत्पादों की मांग बढ़ेगी और ग्रामीण आय में वृद्धि होगी। यह समझौता भारत के राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम (एनपीओपी) प्रमाणन की स्वीकृति और मान्यता भी प्रदान करता है, जो भारतीय किसानों को ओमान में, जो एक प्रमुख खाद्य आयातक है, जैविक उत्पाद बेचने के लिए विशाल अवसर देगा।

समुद्री उत्पादों में भी विशाल संभावनाएं हैं, जिनका अब तक उपयोग नहीं हो पाया है। 2022 और 2024 के बीच ओमान का समुद्री उत्पादों का आयात लगभग 119 मिलियन डॉलर था। भारत से आयात केवल 7.75 मिलियन डॉलर था, जिससे भारतीय समुद्री खाद्य निर्यात जैसे झींगा और जमे हुए कटलफिश के लिए विशाल अवसर मौजूद हैं। श्रम-गहन समुद्री उत्पाद उद्योग मछली पकड़ने, प्रसंस्करण, पैकेजिंग, शीत-श्रृंखला लॉजिस्टिक्स और निर्यात संचालन में अतिरिक्त नौकरियां उत्पन्न कर सकता है। यूएसएफडीए, ईएमए, यूके एमएचआरए और टीजीए जैसे नियामकों द्वारा अनुमोदित भारतीय दवाएं 90 दिनों के भीतर ओमान में स्वचालित विपणन प्राधिकार प्राप्त करेंगी-जो भारतीय फार्मा निर्यातकों के लिए एक बड़ी सफलता है। यह भी महत्वपूर्ण है कि सीईपीएभारत की पारंपरिक चिकित्सा सेवाओं के लिए अवसर पैदा करता है। यह पारंपरिक चिकित्सा में संयुक्त अनुसंधान की व्यवस्था करता है।

समझौते का एक और महत्वपूर्ण पहलू सेवा और आवागमन में निहित है। ओमान ने भारत के लिए विशिष्ट निर्यात क्षेत्रों में व्यावसायिक रूप से महत्वपूर्ण प्रतिबद्धताएं व्यक्त की है, जिनमें पेशेवर सेवाएं, कंप्यूटर और आईटी सेवाएं, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, पर्यटन, अनुसंधान और विकास तथा पर्यावरण सेवाएं शामिल हैं। लेखा, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, निर्माण, शिक्षाऔर परामर्श जैसे क्षेत्रों में भारतीय पेशेवरों को बेहतर बाज़ार पहुंच से लाभ मिलने की उम्मीद है। महत्त्वपूर्ण रूप से, ओमान ने भारतीय पेशेवरों और श्रमिकों के लिए आवागमन प्रतिबद्धताओं में वृद्धि पर सहमति व्यक्त की है। अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों और संविदा सेवा प्रदाताओं को चार साल तक रहने की अनुमति दी जाएगी, जबकि व्यवसाय आगंतुकों और स्वतंत्र पेशेवरों को आसान अस्थायी प्रवेश की सुविधा मिलेगी। इसने अंतर-कॉर्पोरेट स्थानांतरित कर्मियों के लिए ऊपरी-सीमा को 20 प्रतिशत से बढ़ाकर 50 प्रतिशत कर दिया है। विकसित देशों के साथ व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर करने की मोदी सरकार की पहल प्रत्येक भारतीय के जीवन को बेहतर बनाने के प्रधानमंत्री के मिशन का हिस्सा है। ओमान के साथ समझौता याद दिलाता है कि व्यापार, विकास, रोजगार सृजन और साझा समृद्धि का एक शक्तिशाली उपकरण है। एक विभाजित और संरक्षणवादी दुनिया में, पीएम मोदी स्पष्ट संदेश दे रहे हैं कि एक नया, आत्मविश्वासी भारत पीछे नहीं हटेगा। यह साझेदारियों, प्रतिस्पर्धा और वैश्विक सहभागिता के माध्यम से आगे बढ़ेगा।

(लेखक केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री हैं।)

# शिव कोई नाम नहीं



संकलित

**दर्शन**

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?




संकलित

**प्रेरणा**

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा।

## सटाका




## आज की पाती

### प्रदूषण व जमाखोरी से देश को बचाएंगे पॉलीमर नोट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा देश में प्लास्टिक अर्थात पॉलीमर नोटों को प्रचलन में लाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास न केवल भारतीय मुद्रा व्यवस्था के आधुनिकीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण तथा नकली मुद्रा पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से भी ऐतिहासिक साबित हो सकते हैं। यदि यह योजना व्यापक स्तर पर लागू होती है, तो इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। आरबीआई पिछले एक दशक से पॉलीमर नोटों के प्रचलन की संभावनाओं पर विचार कर रहा है और इस परियोजना पर निरंतर कार्य भी किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नोट छापने वाली इकाइयों से लेकर एटीएम मशीनों तक को नई व्यवस्था के अनुरूप तैयार करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। *- संतोष वर्मा, करनाल*

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में भारतीय कर्मी को बकाया वेतन देने का आदेश

ब्रिटेन में रोजगार न्यायाधिकरण ने भारतीय देखभाल कर्मी को 28,000 पाउंड से अधिक की बकाया मजदूरी और अवकाश वेतन देने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण ने पाया कि भारतीय कर्मी को काम दिलाने की जिम्मेदारी लेने वाली कंपनी उसे काम नहीं दिला सकी। दरअसल 33 वर्षीय शाबिन शाजी स्वास्थ्य एवं देखभाल कर्मी वीजा के तहत ब्रिटेन पहुंचा था। उसने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी के लिए स्वान केयर सॉल्यूशंस लिमिटेड से आवश्यक 'स्पॉन्सरशिप' प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। शाजी ने हाल ही में बर्मिंघम के रोजगार न्यायाधिकरण को बताया कि 'स्पॉन्सर' कंपनी ने न तो उन्हें कोई काम दिया और न ही वेतन का भुगतान किया, जो कि वेतन में अनधिकृत कटौती के समान है। रोजगार न्यायाधीश एडमंड्स ने अपने फैसले में कहा, दावेदार (शाजी) को यह साबित करना था कि उन्हें निर्धारित वेतन का भुगतान नहीं किया गया। मैंने पाया है कि दावेदार 15 अप्रैल 2023 से 21 अप्रैल 2024 तक कंपनी का कर्मचारी था। उसके अनुबंध में सप्ताह 40 घंटे कार्य और 22,880 पाउंड वार्षिक सकल वेतन का प्रावधान था। उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान दावेदार अपने काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम था। वह केवल इसलिए काम नहीं कर पाया क्योंकि प्रतिवादी (कंपनी) ने उसे काम उपलब्ध नहीं कराया।



## ऑफ बीट

# कपड़े धोने के पाउडर, तरल डिटर्जेंट में क्या अंतर है?

कपड़े धोने के पाउडर और तरल पदार्थ दोनों में सक्रिय तत्व 'सर्फेक्टेंट' होते हैं, जिन्हें डिटर्जेंट (उत्पाद का नाम) के रूप में भी जाना जाता है। ये आम तौर पर आवेशित या 'आयनिक' अणु होते हैं जिनकी संरचना में दो अलग-अलग भाग होते हैं। एक भाग पानी के साथ और दूसरा भाग तेलीय कणों के साथ क्रिया करता है। यह उपयोगी गुण सर्फेक्टेंट को कपड़ों से ग्रीस और गंदगी को हटाने और पानी के जरिए निकालने की अनुमति देता है। सर्फेक्टेंट बुलबुले भी बना सकते हैं। आपके पानी में घुले धातु के लवण सर्फेक्टेंट के प्रदर्शन को सीमित कर सकते हैं। तथाकथित खारे पानी में बहुत सारे घुले हुए कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण होते हैं जो आसानी से साबुन का मैल बना सकते हैं। इसलिए कपडे धोने के आधुनिक डिटर्जेंट में साबुन के मैल को बनने से रोकने के लिए फॉस्फेट और पानी से कठोर धातुओं को हटाने वाले तत्व होते हैं। कई उत्पादों में 'ऑप्टिकल ब्राइटनर' भी होते हैं। ये रसायन पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित करते हैं और नीली रोशनी छोड़ते हैं, जो सफेद रंग को और सफेद या चमकदार बनाता है। कपड़े धोने के डिटर्जेंट में आम तौर पर सुगंध होती है। इस सुगंध के लिए भी रसायन का उपयोग किया जाता है।



## ट्रेंड

### जहां जरूरी होगा कार्रवाई करेंगे



जमीन, भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) की एक विशेषता है। स्वतंत्रता से पहले भी एल एंड डीओ को जमीन हस्तांतरित की जाती रही है। चूंकि उस समय दिल्ली में राज्य सरकार नही थी, इसलिए केंद्र सरकार जमीन की मालिक बनी। अब जहां जरूरी होगा कार्रवाई की जाएगी। **-मनोहर लाल**, केंद्रीय मंत्री

### मैं जनता का पहला सेवक



मेरी राजनीति भी मेरे सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट होगी। ये रंग साफ सोच और बिना किसी भ्रम के फैसले लेने का संदेश देते है। इतने सालों से आपको धोखा देने वालों को छोड़कर आपने भाई को चुना। मैं खुद को मुख्यमंत्री नही, बल्कि जनता का पहला सेवक मानता हूं। **-विजय थलापति**, सीएम, तमिलनाडु

### राज्य में अराजकता फैली



कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। राज्य में अराजकता पूरी तरह से फैली हुई है। **-ममता बनर्जी**, पूर्व सीएम, बंगाल

### रोजगार के लिए कदम उठा रहे



मेरा सपना गरीबी-मुक्त समाज देखना है। मैं हमेशा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बारे में सोचता हूं। विभिन्न श्रेणियों के तहत दी जाने वाली पेंशन बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह तक कर दी है। सरकार रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कदम उठा रही है। **-एन. चंद्रबाबू नायडू**, सीएम, आंध्र प्रदेश



# थाना रानीपुर में बड़े मंगलवार पर दिखा आस्था, सेवा और भाईचारे का विराट संगम

**थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा 'सिंघम' के नेतृत्व में ऐतिहासिक भंडारे ने रचा नया कीर्तिमान**

**अमन लेखनी समाचार /विनोद जायसवाल**



बहराइच। जनपद बहराइच के थाना रानीपुर परिसर में बड़े मंगलवार के शुभ एवं पावन अवसर पर आयोजित भव्य श्री हनुमान जी पूजन, महाआरती एवं विशाल भंडारा पूरे इलाके में आकर्षण और चर्चा का केंद्र बना रहा। थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा 'सिंघम' के कुशल नेतृत्व, जनसेवा की भावना और धार्मिक आस्था ने इस आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम में उमड़ी भारी भीड़ ने यह साबित कर दिया कि थाना रानीपुर केवल कानून व्यवस्था का केंद्र नहीं बल्कि सामाजिक समरसता, मानव सेवा और भाईचारे का भी प्रतीक बन चुका है हनुमान जी की भव्य पूजा-अर्चना और गगनभेदी जयकारों के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई मंदिर परिसर में 'जय श्री राम' और 'बजरंगबली की जय' के नारों से पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा महाआरती के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी और पूरा थाना परिसर धार्मिक आस्था के रंग में रंग गया आरती के पश्चात विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जहां थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ह्लसिंघमह्व स्वयं अपने हाथों से श्रद्धालुओं, महिलाओं, बुजुर्गों, बच्चों और राहगीरों को प्रसाद वितरित करते नजर आए। पुलिस की वर्दी में सेवा और विनम्रता का ऐसा दृश्य देखकर हर कोई भावुक हो उठा।उपस्थित लोगों ने कहा कि आज के समय में ऐसे जनप्रिय और संवेदनशील अधिकारी बहुत कम देखने को मिलते हैं, जो जनता के बीच उतरकर सेवा भाव से कार्य करते हों। विशाल भंडारे में पूड़ी, स्वादिष्ट सब्जी, बूंदी, शीतल जल एवं बैठकर प्रसाद ग्रहण करने की विशेष व्यवस्था की गई थी। दूर-दराज गांवों से आए लोगों सहित राह चलते यात्रियों ने भी प्रसाद ग्रहण किया। भंडारे में हर वर्ग, हर समाज और हर धर्म के लोग एक साथ बैठकर प्रसाद ग्रहण करते दिखाई दिए, जिसने हिंदू-मुस्लिम एकता और भाईचारे की अद्भुत मिसाल पेश की कार्यक्रम में ग्राम प्रधान शाकिर अहमद, अजय सिंह प्रधान, राम कुमार उर्फ पिंटू सिंह प्रधान, गुड्डू पाठक, रमजान गुलजार, ठेकेदार मुस्तकीम अहमद, अरशद अहमद, आनंद कुमार गुप्ता, भाजपा युवा मोर्चा अध्यक्ष सुनील कुमार, पिछड़ा मोर्चा मंडल अध्यक्ष गोकुलपुरा, पत्रकार एवं समाजसेवी आसिफ सिद्दीकी, इंतजार अहमद, अमर मेहंदी आर्टिस्ट, इसरार अहमद, दयाशंकर सिंह, छेदन सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, दिनेश प्रताप सिंह सहित क्षेत्र के तमाम सम्मानित नागरिक और गणमान्य लोग उपस्थित रहे इस दौरान वरिष्ठ निरीक्षक शैलेन्द्र यादव, उपनिरीक्षक मन्तराम, विनोद कुमार पाण्डेय, योगेन्द्र यादव, एसआई विनोद राव, हेड मोहर्रिर दिनेश कुमार यादव, कांस्टेबल पुनीत कुमार, विवेक जायसवाल, हेड कांस्टेबल अमित जायसवाल, राजेन्द्र यादव, भगवानदीन वर्मा, शिवानंद, अमित यादव, अखिलेश यादव, राकेश भारती, आशुतोष पासवान, आशीष पाण्डेय, सुरेन्द्र नाथ सहित थाना रानीपुर की पूरी पुलिस टीम कार्यक्रम में मौजूद रही और व्यवस्था संभालते हुए सेवा कार्य में लगी रही।क्षेत्रीय लोगों ने कहा कि थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ह्लसिंघमह्व ने अपने व्यवहार, कार्यशैली और जनसेवा से जनता के दिलों में विशेष पहचान बनाई है।उनके नेतृत्व में थाना रानीपुर पुलिस जनता के लिए सुरक्षा, सम्मान और विश्वास का दूसरा नाम बन चुकी है लोगों का कहना था कि जहां एक ओर कुछ लोग पुलिस की छवि को लेकर सवाल उठाते हैं, वहीं थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ह्लसिंघमह्व जैसे अधिकारी अपनी कार्यशैली और सेवा भावना से पुलिस विभाग का गौरव बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। जनता के बीच उनकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और क्षेत्र की जनता उन्हें एक ईमानदार, कर्मठ और संवेदनशील अधिकारी के रूप में देखती है।भंडारे में उमड़ी हजारों लोगों की भीड़ यह बताने के लिए काफी थी कि थाना प्रभारी हरेंद्र कुमार मिश्रा ह्लसिंघमह्व ने जनता के दिलों में अलग स्थान बना लिया है। कार्यक्रम के दौरान हर कोई उनके कार्यों और व्यवहार की सराहना करता नजर आया। बड़े मंगलवार का यह ऐतिहासिक आयोजन केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं बल्कि सामाजिक समरसता, सांप्रदायिक सौहार्द, मानव सेवा और पुलिस-जनता के मजबूत रिश्ते का जीवंत उदाहरण बन गया। देर रात तक श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा और हर कोई थाना रानीपुर पुलिस की भूरी-भूरी प्रशंसा करता दिखाई दिया जहां सेवा, सम्मान और मानवता एक साथ दिखाई दे, वहीं सच्ची जनसेवा होती है और थाना रानीपुर में बड़े मंगलवार पर ऐसा ही दिव्य और अद्भुत नजारा देखने को मिला जिसने पूरे क्षेत्र में नई मिसाल कायम कर दी।

# रोडवेज बस की टक्कर से टेंट व्यवसायी की मौत



**अमन लेखनी समाचार**

बाबागंज, बहराइच। रुपईडीहा-बहराइच नेशनल हाईवे पर सुबह दुःखद हादसा हो गया।दुगार्पुर हाईवे के पास मॉर्निंग वॉक करते समय रोडवेज बस की टक्कर से बाबाकुटी निवासी एक टेंट व्यवसायी युवक की मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह लगभग 6:00 बजे हुआ। सूचना पाकर मौके पर पहुंचे परिजनों ने आनन- फानन में युवक को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नानपारा पहुंचे जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत्यु घोषित कर दिया। स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भिजवा दिया गया। मृतक मोबिन पुत्र हसनू (45) बाबाकुट्टी रुपईडीहा थाना क्षेत्र के निवासी है। इसकी खबर मिलते ही मृतक के परिजनो में कोहराम मच गया। उधर पुलिस ने रोडवेज बस यूपी 78 एन एन 3823 बस को कब्जे में ले लिया है।

## संस्कार भारती एवं महेश्वर साधना ललित कला केंद्र के तत्वावधान में कथक कार्यशाला का शुभारंभ

मिजार्पुर। भारतीय संस्कृति, कला एवं संस्कारों के संवर्धन हेतु संस्कार भारती, मिजार्पुर एवं महेश्वर साधना ललित कला प्रशिक्षण केंद्र, विंध्याचल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ रविवार को प्लेवे स्कूल परिसर, बल्ली का अड्डा मिजार्पुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री माननीय श्री सोहनलाल श्रीमाली जी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब एलिट की सचिव श्रीमती वीणा खंडेवाला जी, संस्कार भारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री दिनेश्वर पति त्रिपाठी जी, संस्कार भारती मिजार्पुर की जिला अध्यक्ष पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव जी तथा संस्कार भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुआ।

## उच्च अधिकारियों के आश्वासन पर समाप्त हुआ कस्टम क्लियरेंस एजेंटों का बहिष्कार

**शाम से पुनः शुरू हुआ कार्य**

**अमन लेखनी समाचार /मोहम्मद कौसर**

रुपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा स्थित इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट (आईसीपी) रुपईडीहा में व्याप्त अव्यवस्थाओं तथा कथित गलत व्यवहार के विरोध में ट्रक चालकों और कस्टम क्लियरेंस एजेंटों द्वारा सोमवार से शुरू किया गया विरोध प्रदर्शन मंगलवार को भी जारी रहा। विरोध स्वरूप एजेंटों ने कस्टम क्लियरेंस कार्य का बहिष्कार कर दिया, जिससे सीमा पर आयात-निर्यात गतिविधियां प्रभावित हो गईं। मंगलवार सुबह से किसी भी कस्टम एजेंट ने मालवाहक वाहनों के दस्तावेज कस्टम कार्यालय में जमा नहीं किए, जिसके चलते भारत-नेपाल सीमा पर 300 से अधिक ट्रकों की लंबी कतार लग गई।वाहनों की बढ़ती संख्या के कारण सीमा क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभावित होने लगा।स्थिति की गंभीरता को देखते हुए उपजिलाधिकारी नानपारा अनीता यादव एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुंप सिंह तत्काल इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट पहुंचे। अधिकारियों ने कस्टम क्लियरेंस एजेंटों और ट्रक चालकों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा विरोध प्रदर्शन के कारणों की जानकारी ली। बैठक के दौरान उपजिलाधिकारी अनीता यादव ने सभी पक्षों को समझाते हुए कहा कि यह अंतरराष्ट्रीय व्यापार से जुड़ा महत्वपूर्ण मामला है, इसलिए इसका शीघ्र समाधान आवश्यक है। उन्होंने प्रदर्शनकारियों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज मांगों और समस्याओं के निराकरण के लिए संबंधित स्तर पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उन्होंने सभी से कार्य को सुचारू रूप से संचालित करने की अपील की ताकि भारत-नेपाल के बीच होने वाले व्यापार पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े। कस्टम हाउस एजेंट यूनियन के अध्यक्ष हसीब अहमद ने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों के आश्वासन के बाद सभी एजेंटों और चालकों ने शाम करीब चार बजे अपना विरोध प्रदर्शन समाप्त कर दिया तथा पुनः कस्टम क्लियरेंस कार्य शुरू कर दिया। इसके बाद इंटीग्रेटेड चेकपोस्ट पर आवागमन और व्यापारिक गतिविधियां धीरे-धीरे सामान्य होने लगीं।

# भगवान राम के चरित्रों को जीवन में उतारें : रामजी परिहार

**खड़ौरा में झुवार के हनुमानजी मंदिर परिसर में रामलीला का आयोजन**

**अमन लेखनी समाचार**



गुरसरांय। ग्राम खड़ौरा स्थित झुवार के हनुमानजी मंदिर परिसर में श्री ठड़ेशी महाराज आदर्श कला मंच, रमपुरा द्वारा आयोजित रामलीला महोत्सव का शुभारंभ मुख्य अतिथि भाजपा नेता कुंवर प्रतिपाल सिंह रामजी परिहार ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगीत गुरु पं. परशुराम पाठक ने की। आरती के उपरांत अपने संबोधन में रामजी परिहार ने कहा कि खड़ौरा गांव संगीत साधना और सांस्कृतिक परंपराओं की पावन भूमि रहा है। धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से समाज में प्रेम, भाईचारा और सौहार्द की भावना मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा स्थापित आदर्शों और चरित्रों को अपने जीवन में अपनाना ही ऐसे आयोजनों का मुख्य संदेश है। कार्यक्रम का संचालन सुमित पाठक ने किया। अतिथियों का स्वागत समिति के गणेश तिवारी, कुंजबिहारी तिवारी, दिनेश दाऊ, भज्जू मिश्रा सहित अन्य सदस्यों ने माल्यार्पण कर किया। मंडल अध्यक्ष भानु कुशवाहा के निर्देशन में कलाकारों ने प्रथम दिवस भगवान श्रीराम के जन्म प्रसंग का प्रभावशाली मंचन प्रस्तुत किया।राम की भूमिका में अरुण कुमार द्विवेदी (जालौन), लक्ष्मण के रूप में पंकज द्विवेदी (हमीरपुर), दशरथ की भूमिका में हरिशंकर (गढ़बई), ऑलराउंडर कलाकार आशीष राजपूत (बाबई) तथा हास्य कलाकार आर.डी. मिलन (कोंच) ने शानदार अभिनय से दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं रेनुका रानी (ग्वालियर) एवं मुस्कान रानी (उरई) के नृत्य प्रदर्शन ने कार्यक्रम में रंग भर दिए।कथा व्यास अशोक सरल (बकुआँ) ने अपनी मधुर वाणी में रामायण की प्रस्तुति दी। ढोलक पर पवन (सेरसा) एवं पैड पर ब्रजेश कुमार (खड़ौरा) ने संगत की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान मनोज यादव, पूर्व प्रधान राम सुमिरन मिश्रा, रामप्रिया शरण मिश्रा (राजू मुखिया), सितार वादक पं. सरजू शरण पाठक, ओमनारायण मिश्रा, राजू नायक, राहुल नायक, रामेश्वर मिश्रा, बीरेन्द्र तिवारी, मनमोहन शर्मा सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय श्रद्धालु एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

## ड्यूटी से घर लौट रहे फैक्ट्री कर्मी की सड़क हादसे में मौत, परिवार में मचा कोहराम

**अमन लेखनी समाचार**



हरदोई।संडीला इंडस्ट्रियल स्टेट में सोमवार देर रात हुए सड़क हादसे में एक बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गई। युवक फैक्ट्री में ड्यूटी समाप्त कर घर लौट रहा था। हादसे की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। मंगलवार दोपहर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार, कासिमपुर थाना क्षेत्र के रामपुर भटेउली गांव निवासी 26 वर्षीय रामकुमार उर्फ रामानंद संडीला इंडस्ट्रियल स्टेट के फेज-2 स्थित एक स्टील फैक्ट्री में कार्यरत थे। सोमवार को वह अपने बड़े भाई मेघनाथ की बाइक से ड्यूटी करने गए थे।बताया गया कि रात में छुट्टी के बाद घर लौटते समय वह इंडस्ट्रियल स्टेट के फेज-1 स्थित पेप्सिको के पास सर्विस रोड पर पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे एक वाहन को बचाने के प्रयास में उनकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और वह सड़क पर गिर पड़े। हादसे के समय उन्होंने हेलमेट नहीं पहन रखा था, जिसके कारण उनके सिर में गंभीर चोट लग गई और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तत्काल पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने बाइक के नंबर के आधार पर मृतक की पहचान कर परिजनों को सूचना दी। मृतक के बहनोई अमर सिंह ने बताया कि रामकुमार पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। उनके परिवार में पत्नी प्रीति, तीन वर्षीय बेटी और दो वर्षीय बेटा है।जवान बेटे की असमय मौत से परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मंगलवार को पोस्टमार्टम कराया और आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## ज्येष्ठ माह के पांचवें बड़े मंगल पर विशाल भंडारे का आयोजन हुआ



**अमन लेखनी समाचार**

कासिमपुर। ज्येष्ठ माह के पावन मंगलवार के अवसर पर कासिमपुर क्षेत्र में पूरी तरह भक्ति मैं माहौल देखने को मिला चौरसिया मार्केट मैं विशाल भंडारे का आयोजन किया महाआरती की गई महाआरती संपन्न होने के बाद विशाल भंडारे का शुभारंभ हुआ भंडारे में राहगीरों और स्थानीय नागरिकों ने पूरी सब्जी ठंडा शरबत का प्रसाद अत्यंत श्रद्धा भाव से वितरित किया गया भीषण गर्मी को देखते हुए ठंडे शरबत और पेयजल विशेष व्यवस्था की गई रामचंद्र चौरसिया, राहुल चौरसिया, हर्ष चौरसिया, शिवनंदन चौरसिया, विकास चौरसिया, मुकेश चौरसिया, गोविंद चौरसिया, पंकज प्रधान, सुशील पाल सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

## बड़े मंगल पर उमड़ी आस्था, जगह-जगह भंडारों में श्रद्धालुओं ने चखा प्रसाद

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। ज्येष्ठ माह के पांचवें मंगलवार को नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बजरंगबली के जयकारों के बीच जगह-जगह विशाल भंडारों का आयोजन किया गया, जहां प्रसाद ग्रहण करने के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही।

### धामों और मंदिरों में विशेष आयोजन

प्रसिद्ध भीनकीपुर धाम में स्वामी रामस्वरूप ब्रह्मचारी के सानिध्य में एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ।यहाँ सुबह से ही सुंदरकांड और हनुमान चालीसा के पाठ के बाद महाप्रसाद का वितरण शुरू हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में क्षेत्रीय भक्तों ने हिस्सा लिया। वहीं, माता शंकरी देवी मंदिर परिसर में मनीष कुरील द्वारा पूरी-सब्जी के प्रसाद का स्टॉल लगाया गया, जहाँ श्रद्धालुओं ने लाइन लगाकर प्रसाद ग्रहण किया। प्रमुख मार्गों पर लगी रही सेवादारों की टोली नगर के अन्य प्रमुख स्थानों पर भी भंडारों की धूम रहीः कोतवाली के समीपः नीरज सैनी द्वारा आयोजित भंडारे में राहगीरों और भक्तों को रोक-रोक कर प्रसाद वितरित किया गया। ब्लॉक रोडः यहाँ रामशरण गुप्ता द्वारा आयोजित भंडारे में दोपहर होते-होते भक्तों का ताँता लग गया। एसडीएम आवास के पासः शुभम पटेल ने भंडारे का आयोजन कर दिनभर श्रद्धालुओं की सेवा की और पुण्य लाभ कमाया। शीतल पेय और पूड़ी-सब्जी का हुआ वितरण भीषण गर्मी को देखते हुए आयोजकों द्वारा इस बार पूड़ी-सब्जी और बूंदी के साथ-साथ जगह-जगह ठंडे पानी, शर्बत और शीतल पेय की भी विशेष व्यवस्था की गई थी। नगर के विभिन्न मोहल्लों और मुख्य चौराहों पर सुबह से शुरू हुआ प्रसाद वितरण का दौर देर शाम तक अनवरत जारी रहा। आयोजकों ने आने वाले हर श्रद्धालु का गर्मजोशी से स्वागत कर उन्हें ससम्मान प्रसाद ग्रहण कराया।

## पुलिस अधीक्षक ने संभाली कमान, भारी पुलिस बल के साथ सड़कों पर किया पैदल गश्त

**अमन लेखनी समाचार**



सफीपुर, उन्नाव। कस्बे में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और आमजन में सुरक्षा का भाव पैदा करने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद नजर आ रहा है। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह ने सफीपुर नगर का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान उन्होंने भारी पुलिस बल के साथ नगर के प्रमुख बाजारों और संवेदनशील इलाकों में पैदल गश्त की। पुलिस अधीक्षक ने अपर पुलिस अधीक्षक अखिलेश सिंह, क्षेत्राधिकारी सफीपुर सोनम सिंह और सफीपुर थानाध्यक्ष संदीप मिश्रा के साथ मिलकर नगर के मुख्य चौराहों, भीड़भाड़ वाले बाजारों और संवेदनशील स्थलों का सघन निरीक्षण किया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस की इस सक्रियता से व्यापारियों और आम जनता में सकारात्मक संदेश गया है। पैदल गश्त के दौरान पुलिस अधीक्षक जयप्रकाश सिंह विशेष रूप से ज्वेलर्स (सराफा) की दुकानों पर पहुंचे। उन्होंने दुकानदारों से बातचीत की और सुरक्षा मानकों को परखते हुए सभी प्रतिष्ठानों में लगे सीसीटीवी कैमरों को हमेशा दुरुस्त व चालू रखने के सख्त निर्देश दिए, ताकि किसी भी अप्रिय घटना पर नजर रखी जा सके सड़क पर उतरे पुलिस अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों और दुकानदारों से सीधा संवाद स्थापित किया। एसपी ने सभी को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा के लिए सदैव तत्पर है। इसके साथ ही उन्होंने अपील की कि यदि क्षेत्र में कोई भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि दिखाई दे, तो उसकी सूचना तत्काल स्थानीय पुलिस को दें, ताकि समय रहते आवश्यक कार्रवाई की जा सके। इस मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल और स्थानीय पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

# पात्रों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता- प्रभारी मंत्री रविन्द्र जायसवाल

**विकास योजनाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश।**

**शिक्षकों की कमी दूर करने के लिए बीटीसी प्रशिक्षुओं की सेवाएं लेने के निर्देश।**

**वृक्षारोपण अभियान को जनभागीदारी से सफल बनाने पर बल।**

**शिकायतों की जांच कर दोषियों पर हो सख्त कार्रवाई।**

**अमन लेखनी समाचार**



सोनभद्र। जनपद के प्रभारी मंत्री एवं प्रदेश सरकार के स्टाम्प तथा न्यायालय शुल्क एवं पंजीयन विभाग के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविन्द्र जायसवाल ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं, विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की।बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने चिकित्सकों एवं पैरामेडिकल स्टाफ की कमी का विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने शिशु मृत्यु दर में कमी लाने के लिए प्रभावी कार्ययोजना तैयार करने तथा व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्राम सचिवालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर वॉल पेंटिंग के माध्यम से प्रदर्शित की जाए, ताकि आमजन को योजनाओं की सही जानकारी मिल सके और बिचौलियों की भूमिका समाप्त हो। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों में शिक्षकों की कमी का विस्तृत विवरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि नए शैक्षणिक सत्र के प्रारम्भ होने पर बीटीसी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे छात्र-छात्राओं की सेवाएं नियमानुसार लगभग दो माह के लिए प्राथमिक विद्यालयों में अध्यापन कार्य हेतु ली जाएं, जिससे विद्यार्थियों की पढ़ाई बाधित न हो।प्रभारी मंत्री ने वृक्षारोपण अभियान को व्यापक स्तर पर संचालित करने के निर्देश देते हुए कहा कि ऐसे स्थानों का चयन किया जाए जहां पौधों की सुरक्षा एवं देखभाल सुनिश्चित हो सके।उन्होंने पहाड़ी क्षेत्रों में सीड बॉल के माध्यम से वृक्षारोपण कराने तथा छायादार एवं फलदार पौधों को प्राथमिकता देने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत सभी पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी पात्र व्यक्ति को योजना के लाभ से वंचित न रहने दिया जाए कानून व्यवस्था की समीक्षा के दौरान प्रभारी मंत्री ने पुलिस अधीक्षक को कहा कि अनुसूचित जनजाति वर्ग की युवतियों से विवाह कर भूमि हड़पने संबंधी प्राप्त शिकायतों की गंभीरता से जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। बैठक के अंत में जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि प्रभारी मंत्री द्वारा दिए गए सभी निर्देशों का समयबद्ध एवं प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराया जाएगा तथा शासन की योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। बैठक में विधायक घोरावल डॉ. अनिल कुमार मौर्य, भाजपा जिलाध्यक्ष नंदलाल गुप्ता, अनुसूचित जनजाति आयोग के उपाध्यक्ष जीत सिंह खरवार, पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा, मुख्य विकास अधिकारी सुश्री जागृति अवस्थी, अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) वागीश कुमार शुक्ला, जिला विकास अधिकारी हेमंत कुमार सिंह सहित जनपद स्तरीय अधिकारी एवं संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। महंत भरत दास ने बाल्मिक आश्रम को लेकर मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश को जानकारी दिया।प्रमोद मिश्रा जिला संवाददाता चित्रकूट। महर्षि वाल्मीकि आश्रम लालपुर की घटना को लेकर संत भरत दास ने माननीय मुख्यमंत्री महोदय, उत्तर प्रदेश सरकार, आपको सादर अवगत कराना चाहता हूं।आपने भगवान वाल्मीकि जी के नाम और इस पौराणिक धरोहर को उजागर करने के लिए जो धन आमंत्रित किया गया है उसे पर आपके बड़े अधिकारियों की नजर है और उसको उल्टे सीधे कार्य कर कर खा जाना चाहते हैं।एसपी अरुण कुमार सिंह की गुंडागर्दी आपकी सरकार में वाल्मीकि आश्रम के कर्मचारी व संत महात्मा व व्यवस्था को सर्वनाश करने की जिम्मेदारी माफियाओं ने अरुण कुमार सिंह को दी है अरुण कुमार सिंह द्वारा वाल्मीकि मंदिर में आग लगाकर फूंक दिया गया है।जिसका वीडियो फोटो में सोशल मीडिया के माध्यम से भेज रहा हूं वह सार्वजनिक कर रहा हूं।एसपी अरुण कुमार सिंह के कृतों से पूरा वाल्मीकि समाज शर्मिंदा है मूर्तियां भी इन्हीं के द्वारा तुडवा गई सपा के गुंडो को संरक्षण इन्हीं के द्वारा दिया गया है।आश्रम में कब्जा भीम के द्वारा कराया गया है इनकी पुलिस थाना रैपुरा व चौकी प्रभारी ने विद्युत पानी लाइट सब नष्ट कर दिया है।महिला को आगे कर आपकी पुलिस हमारे पुजारी कर्मचारियों से मारपीट व बलात्कार के केस में फंसा देने की धमकी दे रही है।

## जेईई एडवांस में श्रेयांस को 2008 वीं रैंक, जिले का नाम किया रोशन

मिजार्पुर।जिगना क्षेत्र के बिरौरा गांव निवासी श्रेयांस पांडेय ने जेईई एडवांस परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 2008 हासिल कर गांव, क्षेत्र व जिले का मान बढ़ाया है।श्रेयांस की मां नीता देवी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व पिता अमरेश पांडेय रैपुरी कंपोजिट विद्यालय में सहायक अध्यापक हैं। श्रेयांस ने प्राइमरी से इंटरमीडिएट तक की पढ़ाई लालापुर बदेवरा स्थित एमटीएस पब्लिक स्कूल से की। इसके बाद एक साल ऑनलाइन कोचिंग की। श्रेयांस 2024 में हिंदुस्तान ओलंपियाड हाईस्कूल स्तर की परीक्षा में जिला टॉपर भी रह चुके हैं। सफलता पर बधाई देने वालों का तांता लगा है। माता-पिता मुंह मीठा कराकर खुशियां बांट रहे हैं।श्रेयांस ने सफलता का श्रेय माता-पिता व शिक्षकों को दिया।

# प्रेमानन्द महाराज के आश्रम पहुंचे विराट कोहली




मथुरा (उप्र)। लगातार दूसरे वर्ष रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरु (आरसीबी) को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) ट्रॉफी में जीत दिलाने वाले क्रिकेटर विराट कोहली अभिनेत्री पत्नी अनुष्का शर्मा संग मंगलवार को संत प्रेमानन्द महाराज के वृन्दावन स्थित आश्रम पहुंचे और गुरु का आशीर्वाद पाकर आभार जताया। आश्रम सूत्रों के अनुसार वे दोनों मुंह पर मास्क लगाए सुबहसुबह करीब सात बजे कार से वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम पहुंचे और संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे यहां करीब दो घण्टे तक रहे। दोनों जब आश्रम के एकांतिक वार्ता कक्ष से बाहर निकले तो उनके माथे पर संत के समान ही चंदन और त्रिपुण्ड नजर आ रहा था। उन्हें आश्रम से एक पुस्तक भी उपहार स्वरूप मिली जो वे बगल में दबाए चले आ रहे थे। उन्होंने स्वामी हित गोविंद शरण के आश्रम पहुंचकर उनके भी दर्शन किए। वे इससे पूर्व अप्रैल माह में अक्षय तृतीया के अवसर पर भी वृन्दावन पहुंचे थे और प्रेमानन्द के दर्शन कर बड़े ही प्रफुल्लित नजर आए थे। कोहली की टीम ने 31 मई को खेले गए आईपीएल के फाइनल मैच में गुजरात टाइटन्स को पांच विकेट से हराकर लगातार दूसरा आईपीएल खिताब जीता था।

आश्रम सूत्रों के अनुसार वे दोनों मुंह पर मास्क लगाए सुबहसुबह करीब सात बजे कार से वृन्दावन परिक्रमा मार्ग स्थित श्रीहित राधा केलि कुंज आश्रम पहुंचे और संत के दर्शन कर आशीर्वाद लिया। वे यहां करीब दो घण्टे तक रहे। दोनों जब आश्रम के एकांतिक वार्ता कक्ष से बाहर निकले तो उनके माथे पर संत के समान ही चंदन और त्रिपुण्ड नजर आ रहा था।

# वैभव सूर्यवंशी को केंद्र में रखकर बाल प्रतिभाओं पर अध्ययन करेगा आईआईएम इंदौर




इंदौर (मध्यप्रदेश)। कम उम्र में मिलने वाली प्रसिद्धि और इससे पैदा होने वाले दबाव विलक्षण प्रतिभा संपन्न बच्चों के भविष्य को किस तरह प्रभावित करते हैं, इसका जवाब तलाशने के लिए इंदौर का भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम) क्रिकेट की नौजवान सनसनी वैभव सूर्यवंशी को केंद्र में रखकर एक अध्ययन करेगा।

आईआईएम के एक शीर्ष अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। सूर्यवंशी हाल में समाप्त हुए आईपीएल में 16 पारियों में 237.30 के प्रभावशाली स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाकर टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाजों की सूची में शीर्ष पर रहे। इस 15 वर्षीय बल्लेबाज को टी20 लीग का मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर चुना गया। उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाकर ऑरेंज कैप भी जीती। आईआईएम इंदौर के निदेशक हिमांशु राय ने पीटीआई-भाषा से कहा कि संस्थान के अध्ययन का उद्देश्य केवल सूर्यवंशी की सफलता का विश्लेषण करना नहीं, बल्कि उन कारकों की पहचान करना है जो कम उम्र में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाली किसी प्रतिभा के विकास में भूमिका निभाते हैं। राय ने कहा, हम समझना चाहते हैं कि विलक्षण प्रतिभा संपन्न बच्चों के असाधारण प्रदर्शन के पीछे कौन से कारक काम करते हैं? ऐसे प्रदर्शन के लिए व्यक्तित्व, व्यवहार और अभ्यास के तरीके के साथ-साथ माता-पिता, शिक्षकों, प्रशिक्षकों और वरिष्ठों का सहयोग भी महत्वपूर्ण होता है। उन्होंने कहा कि दुनिया भर में अनेक बाल प्रतिभाओं ने कम उम्र में बड़े मुकाम हासिल किए, लेकिन बाद में उन्हें धन, प्रसिद्धि, सोशल मीडिया और बढ़ती अपेक्षाओं के दबाव का सामना करना पड़ा। राय ने कहा, अपने अध्ययन में हम यह भी देखना चाहेंगे कि ऐसी अपेक्षाओं या व्यवधानों से कैसे निपटा जाए? उन्होंने कहा कि इस अध्ययन के लिए सूर्यवंशी का चयन इसलिए किया गया क्योंकि क्रिकेट भारत का बेहद लोकप्रिय खेल है और खासकर नौजवान खिलाड़ियों पर सार्वजनिक दबाव भी अन्य खेलों की तुलना में अधिक होता है। सूर्यवंशी ने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल के एक सत्र में सबसे ज्यादा छक्के (59) लगाने के पिछले आईपीएल रिकॉर्ड को भी तोड़ दिया क्योंकि उन्होंने आईपीएल 2026 में 72 छक्के जड़े। 15 वर्षीय खिलाड़ी ने जसप्रीत बुमराह, कागिसो रबाडा और पैट कमिंस जैसे विश्व के कुछ शीर्ष गेंदबाजों के खिलाफ अपने बेखौफ रवैये से सबको प्रभावित किया।

आईआईएम निदेशक ने बताया कि बाल प्रतिभाओं को लेकर संस्थान के अध्ययन में मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, मानव संसाधन, संचार और व्यवहार विज्ञान से जुड़े विशेषज्ञ शामिल होंगे। उनके मुताबिक अध्ययन अगले दो सप्ताह में शुरू किया जाएगा और इसे करीब तीन महीने में पूरा किए जाने का लक्ष्य है। राय ने कहा कि यह अध्ययन केवल खिलाड़ियों तक सीमित नहीं रहेगा और इसके निष्कर्ष गणित, विज्ञान, कला या अन्य क्षेत्रों में कम उम्र में असाधारण पहचान हासिल करने वाली प्रतिभाओं के लिए भी उपयोगी हो सकते हैं।

# महिला टी-20 विश्व कप में टीम इंडिया प्रबल दावेदार

## भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी

एजेंसी




अहमदाबाद। पूर्व कप्तान अंजुम चोपड़ा का मानना है कि अब इंग्लैंड की परिस्थितियां किसी तरह से अपरिचित नहीं हैं और भारतीय महिला टीम टी20 विश्व कप में खिताब के प्रबल दावेदार के रूप में शुरुआत करेगी। भारतीय टीम 14 जून को बर्मिंघम में अपने चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगी। चोपड़ा ने कहा, इंग्लैंड की परिस्थितियां अपरिचित नहीं हैं। भारतीय टीम में से कुछ या अधिकतर खिलाड़ी पहले भी वहां खेल चुके हैं। कम से कम वर्तमान टीम के प्रमुख खिलाड़ियों को वहां खेलने का अच्छा अनुभव है।

उन्होंने कहा, नंदिनी (शर्मा) की बात करें तो वह वहां अच्छा प्रदर्शन कर रही है। श्री चरणी का अपने संक्षिप्त करियर में पिछले 12 महीने में यह इंग्लैंड का दूसरा दौरा है। चोपड़ा ने कहा, मेरे लिए भारत प्रबल दावेदार है। निश्चित तौर पर मैं भारतीय टीम को शीर्ष चार में ही नहीं बल्कि शीर्ष दो और फिर शीर्ष पर देखना चाहती हूं। भारत के लिए टूर्नामेंट से पहले कुछ सकारात्मक पहलू रहे हैं। इनमें विकेटकीपर-बल्लेबाज यस्तिका भाटिया का चोट से उबरने के बाद वापसी करना भी शामिल है। बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने वापसी करते ही तुरंत प्रभाव छोड़ा और इंग्लैंड के खिलाफ पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 40 गेंद में 54 रन की शानदार पारी खेली। इस मैच में कप्तान हरमनप्रीत कौर को आराम दिया गया था। यास्तिका ने इस तरह से तीसरे नंबर पर अपना मजबूत दावा पेश कर दिया है। जेमिमा रोड्रिग्स को बल्लेबाजी क्रम में नीचे भेजा गया है। ऐसे में चोपड़ा का मानना है कि भारतीय टीम प्रबंधन को अपनी बल्लेबाजी लाइन-अप में अधिक लचीलापन अपनाने की जरूरत हो सकती है।

उन्होंने कहा, यह बहुत अच्छा है कि वह (यास्तिका) रन बना रही है और उसने पहले टी20 में रन बनाए। हालांकि दूसरे मैच में वह लंबी पारी खेलने से चूक गई। लेकिन इससे यह भी पता चलता है कि यह केवल जेमी, हरमन और यास्तिका के बीच संतुलन बनाने की बात नहीं है।

### हरमनप्रीत के नेतृत्व में फिर गोल्ड की दावेदारी, एशियाड के लिए 33 खिलाड़ी रडार पर

नई दिल्ली। बीसीसीआई ने एशियाई खेलों के लिए तैयारियां शुरू कर दी हैं। 2023 में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम इस बार भी मजबूत संयोजन के साथ एशियाड में खिताब बचाने के इरादे से उतरेगी। भारतीय महिला क्रिकेट टीम आगामी एशियाई खेलों में प्रमुख खिलाड़ियों के दम पर अपने स्वर्ण पदक की रक्षा करने के लिए उतरेगी। बीसीसीआई की ओर से इन खेलों के लिए संभावितों में इंग्लैंड में होने जा रहे टी-20 विश्वकप की 15 में से 14 क्रिकेटरों को शामिल किया गया है। इनमें कप्तान हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना, जेमिमा रोड्रिग्स, दीप्ति शर्मा, शैफाली वर्मा जैसी क्रिकेटर शामिल हैं। भारतीय महिला और पुरुष क्रिकेट टीम ने 2023 के हांगझोउ एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीता था। बीसीसीआई ने इन खेलों के लिए 33 महिला क्रिकेटरों को लांग लिस्ट में जगह दी है। इन्हीं में से 15 सदस्यीय टीम एशियाई खेलों के लिए चुनी जाएगी। एशियाड में महिला क्रिकेट के मुकाबले 17 सितंबर से शुरू हो रहे हैं। 22 सितंबर को फाइनल खेला जाना है। भारत के अलावा महिला क्रिकेट में पाकिस्तान, बांग्लादेश, श्रीलंका, मेजबान जापान खेल रहे हैं। चीन, मलयेशिया और थाईलैंड की तीन अन्य टीमों ने इन खेलों के लिए क्वालिफाई किया है। हरमनप्रीत कौर की कप्तानी में भारतीय टीम ने 2023 में श्रीलंका को 19 रन से हराकर ऐतिहासिक पहला एशियाड स्वर्ण जीता था।

# नेपाल ने चीन को 221 रनों से हराया

## नेपाल ने टी20 में दूसरी बार बनाया 300 का स्कोर, कुशल ने ओवर में 6 छक्के लगाये




सिंगापुर। नेपाल ने टी-20 क्रिकेट में दूसरी बार 300 रन से ज्यादा का स्कोर बनाया है। टीम ने रविवार को एशियन गेम्स के क्वालिफायर में चीन के खिलाफ यह कारनामा किया है। इस मुकाबले में नेपाल को 221 रन की जीत मिली। सिंगापुर के नेशनल क्रिकेट स्टेडियम में चीन ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। नेपाल ने पहले बैटिंग करते हुए 20 ओवरों में 2 विकेट पर 313 रन बनाए। जवाब में चीन 92 रन पर ऑलआउट हो गई। नेपाल की ओर से ओपनर कुशल भुर्तेल ने एक ओवर में लगातार 6 छक्के लगाने का कारनामा भी किया। वे प्लेयर ऑफ द मैच रहे। नेपाल ने अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया है। टीम ने सितंबर 2023 में एशियन गेम्स 2023 में मंगोलिया के खिलाफ 314/3 का स्कोर बनाया था। नेपाल ने टी-20 इंटरनेशनल क्रिकेट के इतिहास में 7वीं सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड जिम्बाब्वे के नाम है। उसने 2024 में गाम्बिया को 290 रन से हराया था। भुर्तेल ने एक ओवर में लगातार 6 छक्के जड़ने का कारनामा भी किया। उन्होंने 9वें ओवर में जोयू चेन की गेंद पर 6 छक्के लगाए। हालांकि, बीच में एक वाइड गेंद भी शामिल रही। उनके ओवर से कुल 37 रन आए। कुशल ने 43 गेंदों में 300 के स्ट्राइक रेट से 129 रन बनाए। यह टी-20 इंटरनेशनल का संयुक्त रूप से 5वां सबसे तेज शतक है। उन्होंने रोहित शर्मा की बराबरी की। रोहित शर्मा ने टी-20 इंटरनेशनल में श्रीलंका के खिलाफ 35 गेंदों पर शतक जड़ा था। कुशल भुर्तेल ने इस पारी में 16 छक्के लगाए और एक टी-20 पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने के मामले में वैभव सूर्यवंशी को पीछे छोड़ा। वैभव ने इंडिया ए के लिए खेलते हुए एशिया कप राइजिंग स्टार्स में 144 रन की पारी में 15 छक्के लगाए थे। भुर्तेल ने अभिषेक शर्मा के टी-20 इंटरनेशनल में 37 गेंदों पर शतक के रिकॉर्ड को भी तोड़ा। कुशल भुर्तेल ने अपनी पारी में 16 छक्के लगाए। 314 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चीनी टीम 19.2 ओवरों में 92 रन पर सिमट गई। चीन की तरफ से सिर्फ शेनझियान झेंग ने संघर्ष किया और 15 गेंदों में 31 रन बनाए। इसके अलावा चीन के 4 बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। वहीं दूसरी ओर पूर्व भारतीय लेग स्पिनर साईराज बहुतुले को मंगलवार को पुरुष राष्ट्रीय टीम का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया जो पहले देश की अंडर-19 और भारत ए टीम के साथ काम कर चुके हैं। बहुतुले दो टेस्ट और आठ वनडे में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वह हाल में समाप्त हुई इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में पंजाब किंग्स के साथ थे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, बीसीसीआई को यह घोषणा करते हुए प्रसन्नता हो रही है कि साईराज बहुतुले को भारतीय क्रिकेट टीम (सीनियर टीम) का स्पिन गेंदबाजी कोच नियुक्त किया गया है।

घरेलू सर्किट में शानदार प्रदर्शन करने वाले 53 साल के बहुतुले ने लगभग दो दशकों तक चले प्रथम श्रेणी क्रिकेट करियर में 630 विकेट चटकाए हैं और 6,176 रन जुटाए। बहुतुले ने संन्यास लेने के बाद कोचिंग में प्रभावित किया है जिसमें वह विदर्भ, केरल, गुजरात और बंगाल के मुख्य कोच रहे। वह आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और हाल में पंजाब किंग्स के साथ स्पिन गेंदबाजी कोच के तौर पर भी काम कर चुके हैं। वह 2021 और 2024 के बीच बीसीसीआई की राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (अभी सेंटर ऑफ एक्सीलेंस) से जुड़े रहे।

## संक्षेप

### पाटीदार एमपीएल में ग्वालियर चीता की करेंगे अगुवाई

ग्वालियर। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को लगातार दो आईपीएल खिताब जिताने के बाद रजत पाटीदार अब मध्य प्रदेश टी20 लीग में जेकेसी स्पोर्ट्स के स्वामित्व वाली ग्वालियर चीता टीम की कप्तानी में करेंगे। ग्वालियर चीता की टीम लीग के पिछले सत्र में सेमीफाइनल तक पहुंची थी। ग्वालियर चीता टीम 2026 सत्र के अपने पहले मैच में बुधवार को इंदौर के होल्कर स्टेडियम में उज्जैन फाल्कन्स के खिलाफ खेलेगी। पिछले सत्र में 14 विकेट के साथ सबसे सफल गेंदबाज रहे मंगेश यादव भी टीम में शामिल है। आदित्य श्रीवास्तव टीम के मुख्य कोच बने रहेंगे।

### भारतीय राइडर केविन क्विंटल ने स्पेन में प्रभावित किया

जेरेज (स्पेन)। भारतीय मोटरसाइकिल चालक केविन क्विंटल ने यहां शुरुआती दौर में दो पोडियम स्थान हासिल करके अपने 2026 कोपा डे एस्पाना डे वेलोसिडैड अभियान की शानदार शुरुआत की। चेन्नई के राइडर केविन बीएमडब्ल्यू ईजीरेस टीम के लिए मुकाबला कर रहे थे। वह शनिवार को बीएमडब्ल्यू एम1000आआर पर पहली रेस में दूसरे स्थान पर रहे। इसके बाद उन्होंने रविवार को दूसरी रेस में भी सुपरबाइक 1000 सीसी वर्ग में तीसरा स्थान हासिल किया। केविन ने 2024 में चेक गणराज्य में विश्व एसबीके रेस में सुपरस्पोर्ट 300 विश्व चैंपियनशिप में मुकाबला करने वाले पहले भारतीय के रूप में इतिहास रचा था।

### भारतीय बल्लेबाजों को नेट अभ्यास कराएंगे नबी सहित सात गेंदबाज

मुल्लांपुर। जम्मू कश्मीर के तेज गेंदबाज औकिब नबी डार को अफगानिस्तान के खिलाफ छह जून से यहां शुरू होने वाले एकमात्र टेस्ट मैच के लिए भारत के नेट अभ्यास सत्र के लिए चुने गए सात गेंदबाजों में शामिल किया गया है।

# भारतीय महिला टीम सैफ सेमीफाइनल में भूटान के खिलाफ होगी प्रबल दावेदार

एजेंसी

मडगांव। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम बुधवार को यहां सैफ महिला चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में भूटान के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगी और ग्रुप चरण में शानदार प्रदर्शन के बाद उसकी निगाहें खिताबी मुकाबले में जगह बनाने पर लगी होंगी।

भारतीय टीम दो मैच में छह अंक से ग्रुप बी में शीर्ष पर रही जिसमें उसने मालदीव पर 11-0 की जीत के साथ अपना अभियान शुरू किया और फिर गत चैंपियन बांग्लादेश के खिलाफ 3-0 से आत्मविश्वास बढ़ाने वाली जीत दर्ज की। बांग्लादेश के खिलाफ भारत के शानदार प्रदर्शन ने उनके खिताब जीतने की संभावना को और मजबूत कर दिया जिसमें प्यारी खाखा, लिंडा कोम सेर्टो और मालविका पी ने गोल करके पड़ोसी देश का प्रतियोगिता में हालिया कब्जा खत्म कर दिया। इस जीत ने यह पक्का कर दिया कि भारत ग्रुप विजेता रहे जिससे उसका ग्रुप ए की उप विजेता भूटान के साथ सेमीफाइनल मुकाबला तय हो गया।

भूटान ने अपने पहले मैच में 0-1 से हारने से पहले ग्रुप विजेता नेपाल को हराया। उनका अनुशासित डिफेंस और मजबूत प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ मुकाबला करने की काबिलियत उन्हें मेजबानों के लिए मुश्किल बना सकती है। भारत अपनी आक्रामक गहराई पर भरोसा करेगा जिसने पहले ही दो मैच में 14 गोल किए हैं। दिन में पहले सेमीफाइनल में पारंपरिक बड़ी टीमें नेपाल और बांग्लादेश आमने-सामने होंगी। ऐसे में भारत किसी भी गलती से बचना चाहेगा।

# यूक्रेन की कोस्त्युक सेमीफाइनल में

एजेंसी



पेरिस। मौजूदा सत्र में क्ले कोर्ट पर शानदार लय में चल रहीं मार्ता कोस्त्युक ने फ्रेंच ओपन के महिला एकल वर्ग के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया जहां उनका सामना रूस की युवा खिलाड़ी मीरा आंद्रिवा से होगा। कोस्त्युक ने मंगलवार को खेले गये अंतिम आठ मुकाबले में हमवतन एलिना स्वितोलिना को 6-3, 2-6, 6-2 से हराकर अपने करियर के पहले ग्रैंड स्लैम के सेमीफाइनल में जगह बनाई।

रूस की 19 वर्षीय आंद्रिवा ने दूसरे क्वार्टर फाइनल में रोमानिया की अनुभवी खिलाड़ी सोराना सिर्स्टिया को 6-0, 6-3 से एकतरफा मुकाबले में पराजित किया। फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल में 17 साल के लंबे अंतराल के बाद पहुंची 36 वर्षीय सिर्स्टिया शुरुआत से ही लय हासिल नहीं कर सकीं। आंद्रिवा की सटीक ग्राउंडस्ट्रोक्स और आक्रामक नेट प्ले के सामने उनकी वापसी की कोशिश ज्यादा देर टिक नहीं पाई।

रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच यूक्रेन की मुखर समर्थक कोस्त्युक का टूर स्तर पर आंद्रिवा के खिलाफ 2-0 का रिकॉर्ड है। कोस्त्युक क्वार्टर फाइनल ने जीत के बाद कहा, यूक्रेन, विशेषकर कीव में एक बार फिर बेहद कठिन रात गुजरी है। कई लोगों की जान गई है। मैच में सातवीं वरीयता प्राप्त स्वितोलिना ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी की कोशिश की, लेकिन निर्णायक सेट के महत्वपूर्ण अंकों पर 15वीं वरीय कोस्त्युक अधिक प्रभावी रहीं। इस जीत के साथ क्ले कोर्ट पर उनका 2026 का रिकॉर्ड 17-0 हो गया।

**❍ रूस की आंद्रिवा से होगा मुकाबला**

कोस्त्युक पेशेवर युग (1968 के बाद) में फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचने वाली यूक्रेन की पहली महिला बन गई हैं। स्वितोलिना अन्य तीनों ग्रैंड स्लैम में सेमीफाइनल खेल चुकी हैं, लेकिन फ्रेंच ओपन क्वार्टर फाइनल में छठी बार भी जीत दर्ज नहीं कर सकीं। आंद्रिवा दो वर्ष के अंतराल के बाद दूसरी बार फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल में पहुंची हैं।

# एफआईएच नेशंस कप : लालथंटलुआंगी और डबास भारतीय टीम में शामिल

एजेंसी

नयी दिल्ली। युवा डिफेंडर लालथंतलुआंगी और शिल्पी डबास को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में 15 से 21 जून तक होने वाले एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के लिए भारतीय टीम में शामिल किया गया है।

भारत को टूर्नामेंट में जापान, अमेरिका और उरुग्वे के साथ पूल ए में रखा गया है, जबकि पूल बी में मेजबान न्यूजीलैंड, चिली, कोरिया और फ्रांस शामिल हैं। भारत 15 जून को अमेरिका के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जिसके एक दिन बाद उसका सामना जापान से होगा। पूल चरण के अंतिम मैच में उसका मुकाबला 18 जून को उरुग्वे से होगा। सेमीफाइनल 20 जून और फाइनल 21 जून को खेला जाएगा। सलीमा टेटे इस टूर्नामेंट में भी टीम की कप्तानी करेंगी। सविता और बिचु देवी खारीबाम गोलकीपिंग की जिम्मेदारी संभालेंगे। रक्षा पंक्ति में अनुभवी सुशीला चानू, इशिका चौधरी, निक्की प्रधान और ज्योति के साथ लालथंटलुआंगी और डबास भी शामिल होंगी, जिन्हें हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के दौरे के दौरान पहली बार सीनियर टीम में जगह मिली थी। मध्य पंक्ति की कमान सलीमा संभालेंगी, जिन्हें नेहा, सुनेलिता टोप्पो, साक्षी राणा और ऑस्ट्रेलिया में प्रभावशाली प्रदर्शन करने वाली दीपिका सोरेंग का सहयोग मिलेगा।

अग्रिम पंक्ति में नवनीत कौर, दीपिका, रुतुजा दादासो पिसल, अन्नु और इशिका शामिल हैं जिन्हें अटैकिंग मिडफील्डर लालरेम्सियामी और सोनम का भी सहयोग मिलेगा। भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया के सफल दौरे के बाद नेशंस कप में भाग लेगी।

# सिंधु दूसरे दौर में, श्रीकांत, मालविका बाहर

एजेंसी



जकार्ता। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु ने कुछ विषम पलों से गुजरने के बावजूद मंगलवार को यहां सीधे गेम में जीत हासिल करके इंडोनेशिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया, लेकिन किदांबी श्रीकांत पहले दौर की बाधा पार करने में नाकाम रहे। सिंधु ने इस सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के मैच में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 51 मिनट में 25-23, 21-16 से पराजित किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु ने शुरू से ही आक्रामक खेल दिखाया।

उन्हें पहले गेम में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा लेकिन उन्होंने शुरू से लेकर आखिर तक अपनी लय बरकरार रखी और सीधे गेम में जीत दर्ज की। गैर-वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी सिंधु का सामना दूसरे दौर में मौजूदा ओलंपिक चैंपियन और विश्व की नंबर एक खिलाड़ी आन से-यंग से हो सकता है जिन्होंने उन्हें पिछले सप्ताह सिंगापुर ओपन के क्वार्टर फाइनल में हराया था। आन के खिलाफ भारतीय खिलाड़ी का रिकॉर्ड अच्छा नहीं है। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो नौ मैच खेले गए हैं उन सभी में सिंधु को हार का सामना करना पड़ा। श्रीकांत पुरुष एकल के पहले दौर में जापान के युशी तनाका से 19-21, 15-21 से हारने के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो गए। महिला वर्ग में मालविका बंसोड भी पहले दौर में ही टूर्नामेंट से बाहर हो गईं। उन्हें थाईलैंड की सातवीं वरीयता प्राप्त पोर्नपावी चोचुवोंग ने आसानी से 21-12, 21-10 से हराया। पुरुष युगल में हरिहरन आमसकारुनन और एमआर अर्जुन ने शानदार खेल का नमूना पेश किया तथा अपने से अधिक रैंकिंग वाली मलेशियाई जोड़ी नूर मोहम्मद अजरीन अयूब और टैन वी किओंग पर 21-18, 21-10 की जीत के साथ दूसरे दौर में प्रवेश किया।

### आईसीसी का निलंबन अप्रत्याशित, सुधारात्मक कदम जारी : क्रिकेट कनाडा

टोरंटो। क्रिकेट कनाडा ने कहा है कि उसकी सदस्यता निलंबित करने का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) का फैसला अप्रत्याशित था लेकिन संस्था ने वैश्विक क्रिकेट संस्था द्वारा बताई गए संचालन और वित्तीय कमियों को दूर करने के लिए व्यापक सुधारात्मक कदम शुरू कर दिए हैं। आईसीसी ने रविवार को अहमदाबाद में हुई अपनी बोर्ड बैठक में क्रिकेट कनाडा की सदस्यता तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी। आईसीसी के अनुसार यह कार्वाई सदस्यता संबंधी दायित्वों के गंभीर उल्लंघनों के कारण की गई। हालांकि विश्व क्रिकेट संस्था ने स्पष्ट किया कि खिलाड़ियों के हितों की रक्षा के लिए कनाडा की राष्ट्रीय टीमें आईसीसी प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए पात्र बनी रहेंगी।

# मध्य कमान व सैदपुर ब्रिगेड ने जीत के साथ शुरू किया अभियान

खेल संवाददाता




लखनऊ। मध्य कमान (सेंट्रल कमांड) मुख्यालय और सैदपुर ब्रिगेड ने मध्य यूपी सब एरिया मुख्यालय के तत्वावधान में लखनऊ सैन्य स्टेशन में आयोजित ऑफिसर्स सिक्स-ए-साइड हॉकी टूनार्मेंट के पहले दिन जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। मंगलवार से शुरू हुए टूनार्मेंट में लखनऊ स्टेशन की विभिन्न सैन्य संस्थाओं की अधिकारी टीमों ने उत्साह एवं खेल भावना के साथ प्रतिभाग किया। पहले मैच में मध्य कमान मुख्यालय ने रोमांचक मुकाबले में मध्य यूपी सब एरिया मुख्यालय को 4-3 से शिकस्त दी। इस मैच में कांटे की टक्कर देखने को मिली। दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया। हालाकि मध्य कमान मुख्यालय ने निर्णायक क्षणों में बेहतर तालमेल की बदौलत जीत दर्ज की। दिन के दूसरे मुकाबले में सैदपुर ब्रिगेड ने एएमसी सेंटर एंड कॉलेज को 4-1 से हराकर प्रभावशाली जीत दर्ज की। सैदपुर ब्रिगेड ने शुरू से ही मैच पर पकड़ बनाए रखी और शानदार टीमवर्क के दम पर एकतरफा जीत अपने नाम की। टूनार्मेंट के दौरान मैचों के संचालन में स्पोर्ट्स नेटवर्क इंडिया (एसएनआई) तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहा है, जिसके प्रशिक्षित रेफरी और अंपायर मैचों का संचालन कर रहे हैं। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला 5 जून 2026 को खेला जाएगा। टूनार्मेंट का आयोजन अधिकारियों के बीच खेल भावना, सौहार्द और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जा रहा है। आज मैच के दौरान खिलाड़ियों में उत्साह, सहभागिता एवं खेल के प्रति समर्पण देखने को मिला जो भारतीय सेना की शारीरिक दक्षता, टीम भावना एवं आपसी एकजुटता की गौरवशाली परंपरा को दशार्ता है।

**❍ ऑफिसर्स सिक्स-ए-साइड हॉकी टूनार्मेंट**

# संस्कार भारती एवं महेश्वर साधना ललित कला केंद्र के तत्वावधान में कथक कार्यशाला का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार



मिजार्पुर। भारतीय संस्कृति, कला एवं संस्कारों के संवर्धन हेतु संस्कार भारती, मिजार्पुर एवं महेश्वर साधना ललित कला प्रशिक्षण केंद्र, विंध्याचल के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 15 दिवसीय ग्रीष्मकालीन कथक नृत्य प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ रविवार को प्लेवे स्कूल परिसर, बल्ली का अड्डा मिजार्पुर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्य मंत्री माननीय श्री सोहनलाल श्रीमाली जी रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में रोटरी क्लब एलिट की सचिव श्रीमती वीणा खंडेवाला जी, संस्कार भारती के वरिष्ठ कार्यकर्ता श्री दिनेश्वर पति त्रिपाठी जी, संस्कार भारती मिजार्पुर की जिला अध्यक्ष पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव जी तथा संस्कार भारती काशी प्रांत के अध्यक्ष डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी जी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पार्चन के साथ हुआ। तत्पश्चात कथक नृत्य प्रशिक्षक श्री मनीष कुमार शर्मा ने अपनी आकर्षक एवं भावपूर्ण कथक प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह को मंत्रमुग्ध कर दिया। उनकी प्रस्तुति को उपस्थित अतिथियों एवं दर्शकों ने खूब सराहा। अपने उद्बोधन में मुख्य अतिथि श्री सोहनलाल श्रीमाली जी ने कहा कि भारतीय शास्त्रीय कलाएं हमारी सांस्कृतिक धरोहर हैं। नई पीढ़ी को इन कलाओं से जोड़ना समय की आवश्यकता है। उन्होंने संस्कार भारती द्वारा आयोजित इस प्रकार की कार्यशालाओं की सराहना करते हुए प्रतिभागियों को शुभकामनाएं प्रदान कीं। विशिष्ट अतिथि श्रीमती वीणा खंडेवाला जी ने कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास में कला एवं संस्कृति का महत्वपूर्ण योगदान है। वहीं पद्मश्री उर्मिला श्रीवास्तव जी ने संस्कार भारती की सांस्कृतिक गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए अधिकाधिक युवाओं को भारतीय कला से जुड़ने का आह्वान किया। डॉ. गणेश प्रसाद अवस्थी जी ने भारतीय संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन में संस्कार भारती की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया तथा कार्यशाला की सफलता की शुभकामनाएं दीं।

# जनपद की समस्त नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषद में चला स्वच्छता अभियान

अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निदेशों के क्रम में जनपद की समस्त नगर पंचायतों एवं नगर पालिका परिषद में स्वच्छता अभियान के द्वितीय दिवस व्यापक स्तर पर नालों एवं नालियों की सफाई कराई गई। अभियान का उद्देश्य बरसात के मौसम में जलभराव की समस्या से राहत दिलाना तथा नागरिकों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराना है। अभियान के दौरान सफाई कर्मियों द्वारा प्रमुख नालों, नालियों एवं सार्वजनिक स्थलों की विशेष साफ-सफाई की गई। कार्यों की नियमित निगरानी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की जा रही है, जिससे अभियान की गुणवत्ता एवं प्रभावशीलता सुनिश्चित हो सके। संबंधित अधिशासी अधिकारियों को सफाई कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरतने तथा अभियान को निरंतर गति प्रदान करने के निर्देश




दिए गए हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता जनस्वास्थ्य से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है। सभी नगर निकायों को साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने के लिए सतत प्रयास करने होंगे।

# भीषण गर्मी में 'मसीहा' बने आरक्षी चंदन सिंह यादव

## श्री राम चौक पर शुरू की शीतल जल व बताशा प्याऊ, लोग कर रहे मुक्तकंठ से सराहना



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र): इन दिनों सूर्यदेव का प्रचंड प्रकोप जारी है। भीषण गर्मी और लू के थपेड़ों से जनजीवन त्रस्त है। ऐसे में मानवता की मिसाल पेश करते हुए बीजपुर थाने के आरक्षी और हल्का बीट प्रभारी चंदन सिंह यादव ने आम राहगीरों और कड़ी धूप में काम करने वाले श्रमिकों के लिए राहत की फुहार बनकर सामने आए हैं।

### श्री राम चौक पर शीतल सेवा का पुनीत कार्य

बीजपुर के व्यस्ततम श्री राम चौक पर आरक्षी चंदन सिंह यादव ने अपनी व्यक्तिगत पहल पर शुद्ध आरओ शीतल जल की प्याऊ और राहगीरों के लिए बताशे की व्यवस्था की है। चिलचिलाती धूप में परियोजना की ओर जाने वाले कामगारों और राहगीरों के लिए यह प्याऊ अमृत समान साबित हो रही है। उनकी इस सेवा भावना ने न केवल लोगों की प्यास बुझाई है, बल्कि समाज में पुलिस की एक संवेदनशील और मददगार छवि को भी सशक्त किया है।

### 'गुड सेमेरिटन' अवार्ड से सम्मानित हैं चंदन यादव

अपनी कर्तव्यनिष्ठा और मानवीय दृष्टिकोण के लिए चर्चित आरक्षी चंदन सिंह यादव बीते एक महीने से बीजपुर थाने में तैनात हैं। इससे पूर्व जनपद के विभिन्न थानों में अपनी सेवाएं देते हुए उन्होंने जनहित के कई सराहनीय कार्य किए हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों और संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक द्वारा उन्हें 'गुड सेमेरिटन' (नेक आदमी) अवार्ड से नवाजा जा चुका है। इतना ही नहीं, महाकुंभ मेले में अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूरी निष्ठा के साथ करने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश और डीजीपी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

### क्षेत्रवासियों ने कहा- 'पुलिस का ऐसा मानवीय चेहरा गर्व का विषय'

आरक्षी चंदन यादव के इस नेक कार्य की चर्चा पूरे इलाके में है। बीजपुर बाजार के व्यवसायियों, संभ्रांत नागरिकों और राहगीरों ने एक सुर में कहा कि चंदन यादव जैसे पुलिसकर्मी पुलिस विभाग और समाज के लिए प्रेरणा हैं। इस अवसर पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि विश्राम सागर गुप्ता, सदस्य रविंद्र गुप्ता सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक और सामाजिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने आरक्षी की इस पहल की भूरि-भूरि प्रशंसा की और इसे वर्तमान समय की सबसे बड़ी जरूरत बताया।

खास समाचार

# बंटवारे की जमीन पर मकान निर्माण में बाधा का आरोप, एसडीएम से लगाई गुहार

अमन लेखनी समाचार



मिजार्पुर। सदर तहसील क्षेत्र के देवीपुर गांव निवासी एक व्यक्ति ने बंटवारे में मिली जमीन पर मकान निर्माण में बाधा पहुंचाने का आरोप लगाते हुए उपजिलाधिकारी से कार्रवाई की मांग की है। देवीपुर गांव निवासी श्री नारायण तिवारी पुत्र झूरू प्रसाद तिवारी ने उपजिलाधिकारी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उनकी पैतृक संपत्ति का लगभग 20 वर्ष पूर्व चार भाइयों के बीच बंटवारा हो चुका है। बंटवारे में प्राप्त हिस्से पर उनका पुराना मकान स्थित था, जो जर्जर एवं मिट्टी का बना हुआ है। उन्होंने बताया कि पुराने मकान को हटाकर उसी स्थान पर पक्का मकान बनवाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन कुछ लोग निर्माण कार्य में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। जबकि अन्य तीन भाइयों ने अपने-अपने हिस्से में मकान का निर्माण करा लिया है। शिकायतकर्ता का कहना है कि बंटवारे में मिले हिस्से पर उन्हें भी निर्माण कराने का पूरा अधिकार है, लेकिन विरोध के कारण वह अपना मकान नहीं बनवा पा रहे हैं। इससे उन्हें काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उपजिलाधिकारी से मामले की जांच कराकर उन्हें अपने हिस्से की जमीन पर मकान निर्माण कराने की अनुमति दिलाने तथा बाधा पहुंचाने वालों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

# 10 हजार की इनामिया स्टाफ नर्स व सहयोगी दाई गिरफ्तार, गैर इरादतन हत्या मामले में पुलिस की बड़ी कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार

कोन/सोनभद्र। कोन क्षेत्र के चर्चित ग्लोबल हॉस्पिटल में प्रसव के दौरान आशा बहू सीमा देवी की मौत के मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। गैर इरादतन हत्या और राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग (एनएमसी) अधिनियम के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित चल रही 10 हजार रुपये की इनामिया स्टाफ नर्स समेत दो महिलाओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार, 1 जून को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन तथा क्षेत्राधिकारी ओबरा के पर्यवेक्षण में चलाए गए विशेष अभियान के दौरान कोन पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए इनामिया अभियुक्ता सलमा पत्नी आसिफ मोहम्मद निवासी देवाटन, थाना कोन को गिरफ्तार किया। उसके साथ सहयोगी दाई जोरन बीबी पत्नी करीमन निवासी सिसरी बनखेता, थाना खरौंधी, जिला गढ़वा (झारखंड) को भी हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि कोन कस्बे में अवैध रूप से संचालित बताए जा रहे ग्लोबल हॉस्पिटल में



प्रसव पीड़ा के दौरान ऑपरेशन के समय आशा बहू सीमा देवी की मौत हो गई थी। घटना के बाद परिजनों ने फर्जी डॉक्टर और अस्पताल कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने मुकदमा संख्या 104/26 के तहत धारा 105, 318(4) बीएनएस एवं 34 एनएमसी एक्ट में केस दर्ज किया था। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार दोनों अभियुक्ताओं को आवश्यक विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया गया है। वहीं मामले में फरार अन्य आरोपियों की तलाश भी तेज कर दी गई है। पुलिस का कहना है कि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में चर्चा का माहौल है और पीड़ित परिवार ने पुलिस की कार्रवाई पर संतोष जताते हुए अन्य आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी की मांग की है।


# अग्निवीर आदर्श सुरेश यादव का सत्कार सम्मान समारोह संपन्न

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुरः अग्निवीर का प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत अपने जन्मभूमि ग्राम- सफले पुर, पोस्ट -नरसड़ा जिला-सुलतान पुर, उत्तर प्रदेश पहुंचने पर व्याख्याता एवं शिक्षाविद्, सरकारी क्षेत्र में मार्गदर्शन करके हजारों विद्यार्थियों को रोजगार दिलाने वाले सतीश श्रीवास्तव की अध्यक्षता तथा ग्राम प्रधान बैजनाथ यादव( करिया), कवि एवं शिक्षक राम शब्द यादव, जे. बी गुप्ता स्मारक अग्रसेन शिक्षा निकेतन के प्रबंधक एवं कवि डॉ .रामकुमार गुप्ता आशा बहू रामकुमारी के विशेष उपस्थिति में सत्कार सम्मान समारोह संपन्न हुआ। इस अवसर पर अमृता सुरेश यादव, तथा अभय यादव ने कहा कि हम भी अग्निवीर आदर्श यादव के पद्चिन्हों पर चलकर अपना जीवन सफल बनाएंगे। डॉ. गुप्ता तथा राम शब्द ने कविताओं के द्वारा शुभ-कामनाऐं देकर समारोह में चार चाँद लगाया। इस कार्यक्रम का एक मात्र उद्देश्य था कि युवा पीढी को प्रेरणा एवं हौसला प्रदान हो। करिया प्रधान ने युवा पीढी में बढते नशे पर चिंता व्यक्त की। महापौर पुरस्कृत आदर्श शिक्षाविद् ने युवा पीढी को पढ़ाई पर ध्यान एवं माता-पिता को बालकों के प्रति सजग रहने का संदेश देते हुए शिक्षा का महत्व समझाया एवं अग्निवीर आदर्श यादव को गाँव का आदर्श बालक बताया।आदर्श के सत्कार में बड़ी संख्या में सफलेपुर निवासी व दूर- दूर से आए रिश्तेदार एवं मान्यवर उपस्थित थे। जिसमें अनुपम यादव, जेनेंद्र यादव, गंगाराम यादव (पत्रकार) ,भूतपूर्व जिला पंचायत रमेश कनौजिया, कुलदीप यादव,जीवन बीमा के राजेश कन्नौजिया, विजय कुमार पाल, अंकित कुमार यादव, जब्बार अहमद, स्टार हेल्थ के क्षेत्राधिकारी अवनीश कुमार यादव, स्वामी शरण, रामराज यादव नेता, विष्णु दत्त, चौकीदार, राममिलन यादव, सूर्यनाथ, धर्मराज ,छबिलाल बी.डी.सी, आदर्श के शिक्षक व कैप्टन बालचंद इंटर कॉलेज के प्रिंसिपल पवन कुमार यादव इत्यादि मान्यवरों ने आदर्श को शाल एवं पुष्पमाला पहनाकर शुभ कामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। आदर्श ने इसका सारा श्रेय अपने दादा गुरु प्रसाद यादव (सेवानिवृत केंद्रीय जल आयोग), दादी रामावती ,पिता सुरेश प्रसाद यादव, माता संगीता देवी को दिया । समस्त सफलेपुर निवासी एवं दूर-दूर से आये मान्यवरों का सुरेश यादव( झेड.एम. क्लब , सी. एल. आई. ए.)ने आभार व्यक्त किया। समारोह का सूत्र संचालन कई राष्ट्रीय एवं राज्य स्तर पर सम्मानित एवं महापौर पुरस्कृत आदर्श शिक्षक राजकुमार राम-लखन यादव ने व्यक्त किया।

# रास्ता रोकने व जान से मारने की धमकी का आरोप, मुख्यमंत्री से लगाई गुहार



अमन लेखनी समाचार

मिजार्पुर । जिगना थाना क्षेत्र के गौरा गांव निवासी एक वृद्ध ने दबंगों पर रास्ता रोकने, गाली-गलौज करने तथा जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए मुख्यमंत्री और पुलिस अधीक्षक से कार्रवाई की मांग की है ।गौरा गांव निवासी विजय नारायण (65) ने पुलिस अधीक्षक को दिए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि उनका मकान चक संख्या 63 में स्थित है और वह छोड़े गए रास्ते से होकर मुख्य सड़क पर आवागमन करते हैं। गांव के कुछ लोगों द्वारा लगातार रास्ता रोककर परेशान किया जा रहा है। विरोध करने पर गाली-गलौज की जाती है तथा जान से मारने की धमकी दी जाती है, पीड़ित का आरोप है कि विपक्षी कई बार ईंट-पत्थर और लाठी-डंडा लेकर उन्हें दौड़ा चुके हैं। हाल ही में बरसात का पानी बहाने को लेकर विवाद हुआ था। इसके बाद देर रात कुछ लोग उनके दरवाजे पर पहुंचकर हंगामा करने लगे तथा घर के सामने रखा कृषि कार्य में प्रयुक्त फावड़ा व अन्य सामान उठा ले गए। पीड़ित ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची, जिसके बाद मामला शांत हुआ। राजस्व विभाग के लेखपाल द्वारा भी विवाद के निस्तारण का प्रयास किया गया, लेकिन समाधान नहीं निकल सका। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्षी लगातार धमकी दे रहे हैं, जिससे वह और उनका परिवार भयभीत है। पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से मामले की निष्पक्ष जांच कराकर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई करने तथा परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है।

# नाबालिग से गलत काम करने का आरोपी डॉक्टर चंद घंटो में गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

कुरुक्षेत्र। पुलिस ने नाबालिग से गलत काम करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है पुलिस अधीक्षक चन्द्र मोहन के कुशल मार्ग-दर्शन में थाना केयूके पुलिस की टीम ने नाबालिग युवती से गलत काम करने वाले आरोपी डॉ सलिन्द्र शैली वासी कुरुक्षेत्र को चंद घंटो में गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि 31 मई 26 को पुलिस को दी अपनी शिकायत में जिला कुरुक्षेत्र वासी एक व्यक्ति बताया कि दिनांक 29 मई को वह तथा उसकी नाबालिग लड़की दवाई लेने एलएनजेपी हस्पताल आये थे। उसे व उसकी नाबालिग लड़की को डॉक्टर ने अलग-अलग वार्डों में



दाखिल लिया था। दिनांक 31 मई को जब वह अपनी लड़की से मिलने उसके वार्ड में गया तो उसकी लडकी ने बताया कि दिनांक 29 मई को आरोपी डॉ ने उसके साथ छेड़छाड़ की तथा उसके साथ गलत काम किया। जिसकी शिकायत पर आरोपी के खिलाफ थाना केयूके में पोक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच की गई। तफ्तीश के दौरान पीड़ित लड़की के बयान माननीय अदालत में दर्ज करवाए गए तथ मेडिकल परिक्षण करवाया गया। दिनांक 31 मई 26 को थाना केयूके प्रभारी निरीक्षक सुरेन्द्र सिधु, सहायक उप निरीक्षक सुधीर कुमार, महिला सहायक उप निरीक्षक मुकेश की टीम ने तत्परता से कारवाई करते हुए युवती से दुष्कर्म करने के आरोपी के आरोपी डॉ सलिन्द्र शैली वासी कुरुक्षेत्र को गिरफ्तार कर लिया।

# जनपद में भूमि विवादों के चिन्हित मामलों की होगी पुनः जांच

**भूमि विवादों के निस्तारण को लेकर विशेष अभियान शुरू, हर मामले की होगी दोबारा जॉच- जिलाधिकारी।**

**भूमि विवदों के चिन्हित मामलों की होगी दोबारा जॉच गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश।**

**1 जून से 30 जून तक चलेगा विशेष अभियान, भू-माफियाओं एवं अवैध कब्जों के मामलों में होगी सख्त कार्रवाई- जिलाधिकारी।**



अमन लेखनी समाचार

सोनभद्र। भूमि विवादों के प्रभावी, पारदर्शी एवं स्थायी निस्तारण के उद्देश्य से शासन द्वारा एक माह का विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। 01 जून से 30 जून 2026 तक चलने वाले इस अभियान के तहत पूर्व में निस्तारित किए गए भूमि विवादों की पुनः जांच कर वास्तविक स्थिति का सत्यापन किया जाएगा। इसी क्रम में जिलाधिकारी श्री चर्चित गौड़ ने ऑनलाइन वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समस्त उप जिलाधिकारियों, तहसीलदारों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि शासन स्तर पर 01 अप्रैल 2025 से 31 मार्च 2026 तक जनसुनवाई पोर्टल के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का विश्लेषण किया गया है। उन्होंने कहा कि यह अभियान केवल भूमि संबंधी मामलों के लिए संचालित किया जा रहा है। इसमें भू-माफियाओं द्वारा अवैध कब्जा, सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण, चकबंदी संबंधी विवाद, राजस्व एवं पुलिस विभाग से जुड़े भूमि प्रकरण तथा अन्य भूमि विवादों को प्राथमिकता के आधार पर शामिल किया गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन के संज्ञान में यह तथ्य आया है कि अनेक मामलों में शिकायतों का निस्तारण कागजी स्तर पर कर दिया गया अथवा उन्हें ह्लस्पेशल क्लोजह्व की श्रेणी में बंद कर दिया गया, जबकि जमीनी स्तर पर विवाद का वास्तविक समाधान नहीं हो सका। कुछ मामलों में अपूर्ण अथवा त्रुटिपूर्ण रिपोर्ट प्रस्तुत कर निस्तारण दर्शा दिया गया। ऐसे मामलों की अब तहसील, जिला एवं मंडल स्तर पर दोबारा समीक्षा की जाएगी ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके और पीड़ितों को न्याय मिल सके। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रत्येक प्रकरण का भौतिक सत्यापन करते हुए उसकी निष्पक्ष एवं तथ्यपरक रिपोर्ट तैयार की जाए। सभी मामलों को चार श्रेणियों में वगीर्कृत किया जाएगाकृ वास्तविक रूप से निस्तारित मामले, निस्तारित लेकिन फील्ड सत्यापन योग्य मामले, अनिस्तारित मामले तथा ऐसे मामले जो भूमि विवाद की श्रेणी में नहीं आते हैं। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने कहा कि शासन द्वारा विभिन्न प्रकार के भूमि विवादों के लिए विस्तृत मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) निर्धारित की गई है। ग्राम स्तर के विवादों, सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण, राजस्व न्यायालय, सिविल न्यायालय, चकबंदी न्यायालय तथा उच्च न्यायालय में लंबित मामलों की अलग-अलग समीक्षा की जाएगी। न्यायालयों में लंबित प्रकरणों में वाद संख्या, सीएनआर संख्या एवं अन्य आवश्यक विवरण दर्ज करना अनिवार्य होगा तथा अंतिम न्यायिक आदेश प्राप्त होने के बाद ही शिकायत का अंतिम निस्तारण माना जाएगा।

# गोपालपुर टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लेन से न निकलने देने में विवाद, टोलकर्मी से धक्का-मुक्की का वीडियो वायरल

अमन लेखनी समाचार



मीरजापुरः विंध्याचल थाना क्षेत्र स्थित गोपालपुर टोल प्लाजा पर इमरजेंसी लेन से न निकलने देने पर हुए विवाद का वीडियो सामने आने के बाद मामला चर्चा का विषय बन गया है। घटना रविवार दोपहर की बताई जा रही है, जिसमें एक टोलकर्मी के साथ धक्का-मुक्की और अभद्र व्यवहार का आरोप लगाया गया है। घटना से आहत कर्मचारी ने नौकरी छोड़ने की बात कही है। जानकारी के अनुसार टोल प्लाजा पर कार्यरत बबुरा निवासी अरुण मोदनवाल ने आरोप लगाया है कि इमरजेंसी लेन से नहीं जाने देने पर सपा नेता सतीश मिश्रा के भाई आशीष मिश्रा ने नाराजगी जताई और विवाद करने लगे। इस दौरान कथित रूप से टोलकर्मी के साथ धक्का-मुक्की की गई। टोल प्लाजा के प्रतिनिधि भावेश प्रताप सिंह ने बताया कि आशीष मिश्रा के वाहनों को बिना किसी पास के भी निशुल्क आवागमन की सुविधा प्रदान की जाती है। इसके बावजूद वह इमरजेंसी लेन से गुजरने पर जोर देते हैं। उन्होंने बताया कि इमरजेंसी लेन विशेष परिस्थितियों में एंबुलेंस, आपातकालीन सेवाओं और अधिकृत वीआईपी वाहनों के लिए आरक्षित है, जहां हूटर अथवा निर्धारित प्रक्रिया के तहत बैरियर स्वतः खोला जाता है। भावेश प्रताप सिंह का आरोप है कि रविवार को हुए विवाद के दौरान आशीष मिश्रा ने टोलकर्मी अरुण को धमकी दी, उसका गला दबाने का प्रयास किया तथा धक्का देकर सड़क पर गिरा दिया। घटना के बाद कर्मचारी मानसिक रूप से काफी आहत है और नौकरी छोड़ने की बात कह रहा है। वहीं, इस संबंध में सपा नेता सतीश मिश्रा का कहना है कि उनके वाहनों पर टोल टैक्स नहीं लगता और उन्हें निशुल्क आवागमन की सुविधा प्राप्त है। उन्होंने अपने पक्ष में यह बात रखी कि उनके वाहनों का नियमित रूप से बिना शुल्क आवागमन होता है। मामले को लेकर टोल प्रबंधन की ओर से विंध्याचल थाने में तहरीर दी गई है। पुलिस का कहना है कि प्राप्त शिकायत के आधार पर मामले की जांच की जा रही है तथा जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# कैबिनेट मंत्री संजय निषाद का जनपद दौरा क्या चुनावी मुद्दा



अमन लेखनी समाचार

चित्रकूट। चुनावी समर आने पर ही कैबिनेट मंत्री संजय निषाद चित्रकूट का दौरा क्यों करते हैं। जनपद की दोनों विधानसभा में 10 लाख के लगभग निषाद जाति के लोग हैं जिसमें से अब भी 40% लोग झोपड़ी बनाकर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। मंत्री जी चुनाव के थोड़ा पहले नहीं आएंगे तो अनपढ़ निषाद जाति को कैसे पढ़ा सकेंगे निषाद जाति में शिक्षा का स्तर भी बहुत निचले स्तर पर है। निषाद बस्तियों को जाने वाली चकरोडें व गलियां भ्रष्टाचार से परिपूर्ण है। जिन गांवों में निषाद बस्ती रहती है वहां पर विकास के रूप में भ्रष्टाचार ज्यादा है। जनपद चित्रकूट में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद चुनाव के टाइम में आते हैं इसके बाद 4 वर्ष निषादों की शुध नहीं लेते कि उनके कपड़ा रोटी मकान की स्थिति क्या है। निषाद जाति के लोग मेहनती होते हैं जो कि अपना जीवन उपार्जन अपनी मेहनत की कमाई से करते हैं। निषाद पार्टी के राजा संजय निषाद जी को जनपद चित्रकूट के निषादों के लिए आवास, जल व्यवस्था व मछली उत्पादन में साथ देना चाहिए जो कि नहीं हो रहा। मऊ तहसील में निषाद जाति की संख्या बहुतायत में है जो राजनीति को पलटने में माहिर हैं।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।


सम्पादक- श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक - रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



# सैयारा की जोड़ी लेकर आ रही है नई रोमांटिक फिल्म

**मुंबई।** साल 2025 में रिलीज हुई फिल्म सैयारा ने बॉक्स ऑफिस पर धमाका कर दिया था। इस फिल्म में अहान पांडे और अनीत पड्डा नजर आए थे। दोनों की जोड़ी यूथ में सेंसेशन बन गई थी। अब ये जोड़ी एक बार फिर मोहित सूरी के ही डायरेक्शन में बनने वाली अगली फिल्म में साथ दिखेंगे। एक रिपोर्ट में ये जानकारी दी है कि मोहित सूरी फिल्म सैयारा के बाद एक और फ्रेश रोमांटिक फिल्म पर काम कर रहे हैं। इस फिल्म में एक बार फिर अहान पांडे और अनीत पड्डा की जोड़ी नजर आने वाली है। फिल्म की शूटिंग जल्द शुरू होने की खबर है। रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि इस साल के अंत तक यानी अक्टूबर-नवंबर तक ये फिल्म रिलीज के लिए तैयार होगी।



लाइफ Style

# तृषा
## फैमिली ड्रामा की भी हैं क्वीन

साउथ फिल्मों की स्टार तृषा कृष्णन सिर्फ रोमांटिक किरदारों के लिए ही नहीं, बल्कि फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं। इन फिल्मों में उन्होंने दमदार किरदारों से लोगों को अपना दीवाना बना दिया था। इन फिल्मों को आप ओटीटी पर देख सकते हैं।

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली


साउथ की जानी मानी एक्ट्रेस तृषा कृष्णन ने अपने कॅरियर में हर तरह के रोल निभाए हैं। लेकिन, अगर आप सोच रहे हैं कि वह सिर्फ रोमांटिक फिल्मों में ही नजर आई हैं, तो ऐसा नहीं है, वह अब तक कई फैमिली ड्रामा फिल्मों में भी नजर आ चुकी है। साउथ फिल्मों की मशहूर एक्ट्रेस तृषा को रोमांटिक फिल्मों के लिए खूब पसंद किया जाता है। इन फिल्मों में उन्होंने अपने काम से लोगों को हैरान कर दिया था। इन फिल्मों में प्यार, परिवार, रिश्तों की उलझनें और इमोशंस का अच्छा बैलेंस देखने को मिलता है। अगर आप तृषा की ऐसी फिल्में देखना चाहते हैं, जिनमें रोमांस के साथ-साथ फैमिली ड्रामा भी हो, तो ओटीटी पर मौजूद ये 5 फिल्में जरूर देख सकते हैं। इनमें पहली है- 96 साल 2018 में आई ये फिल्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह एक इमोशनल रोमांटिक ड्रामा फिल्म है, फिल्म में उनका जानकी देवी का रोल में काफी पसंद किया गया था।फिल्म सिर्फ पुराने प्यार की कहानी नहीं दिखाती, बल्कि जिंदगी के फैसले, अधूरे रिश्ते और परिवार की जिम्मेदारियों को भी खूबसूरती से सामने लाती है।इस फिल्म में तृषा और विजय सेतुपति की जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया था।

हॉलीवुड मसाला




# दुआ ने 6 साल बड़े एक्टर से की शादी

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपनी आवाज का जादू बिखेरने वाली 1,660 करोड़ रुपए की नेटवर्थ वाली पॉप सिंगर दुआ लीपा ने शादी कर ली है। उनके जीवनसाथी उम्र में उनसे 6 साल बड़े हैं और मनोरंजन जगत का जाना-पहचाना चेहरा हैं। करोड़ों फैंस की पसंदीदा सिंगर ने अपने लॉन्ग टाइम बॉयफ्रेंड कैलम टर्नर के साथ नई जिंदगी की शुरुआत कर ली है। दोनों के रिश्ते की खबरें काफी समय से सामने आ रही थीं और अब शादी की खबर ने फैंस की खुशी दोगुनी कर दी है। ऐसे में हर कोई उनके पति के बारे में जानना चाहता है। कैलम टर्नर ब्रिटेन के मशहूर एक्टर हैं।




# एक एपिसोड के लिए ले रही है 2 करोड़ 84 लाख!

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर सीरीज में शुमार गेम ऑफ थ्रोन्स के कलाकारों की कमाई को लेकर सालों से कई तरह की चर्चाएं होती रही हैं। इस बीच कई बार यह दावा किया जाता रहा कि सीरीज के प्रमुख कलाकारों को प्रति एपिसोड करीब 3 लाख डॉलर (लगभग 2.84 करोड़ रुपए) की फीस दी जाती थी। अब इस मामले पर एक्ट्रेस एमिलिया क्लार्क ने खुद चुप्पी तोड़ी है। एमिलिया क्लार्क के मुताबिक, सीरीज के कलाकारों की कमाई बढ़ा-चढ़ाकर पेश की गई है। एमिलिया ने सीरीज में डेनेरिस टार्गेरियन यानी 'मदर ऑफ ड्रैगन्स' का किरदार निभाया था। एक इंटरव्यू के दौरान एमिलिया क्लार्क से उनकी प्रति एपिसोड फीस को लेकर सवाल किया गया। इस पर उन्होंने हंसते हुए कहा कि उन्हें इतनी बड़ी रकम नहीं मिलती थी।



# परफेक्ट फिगर पाने की ज्यादा कसरत...

**मुंबई।** तापसी पन्नू अपने बयानों को लेकर अक्सर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में अभिनेत्री ने अपनी बॉडी इमेज से जुड़ी मुश्किलों के बारे में बात की है। उन्होंने बताया है कि उन्होंने स्लिम-फिट दिखने के लिए बहुत मेहनत की। इस कोशिश में उन्होंने अपने आपको परेशान किया। उन्होंने अपनी जिंदगी के उस दौर को याद किया जब उन्हें एक खास तरह का दिखने का बहुत ज्यादा दबाव महसूस होता था। तापसी पन्नू ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर बताया 'मुझे याद है कि मुझे सपाट पेट पाने का जुनून था, क्योंकि बड़े होते समय मैं बहुत ज्यादा फिट थी, लेकिन मुझे कभी समझ नहीं आया कि पेट के निचले हिस्से की चर्बी हमेशा क्यों बनी रहती थी। इसे कम करने के लिए मैंने इतनी ज्यादा कसरत की कि मैंने खुद को हद से ज्यादा थका दिया।



# अक्षय-दिशा का गाना ऊंचा लंबा ... रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार आने वाली फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' में 2007 की हिट फिल्म 'वेलकम' के क्लासिक गाने 'ऊंचा लंबा कद' का जादू फिर से बिखेरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। दिशा पाटनी के साथ अक्षय कुमार ने 'ऊंचा लंबा कद' गाना फिर से रिलीज कर दिया है और नए गाने में चार्म तो बहुत है, लेकिन रिलीज होते ही फैंस मायूस हो गए। इससे पहले, अक्षरा सिंह के साथ ठुमके लगाकर छाने वाले अक्षय को अब नफरत मिल रही है कि उन्होंने दिशा पाटनी को लेकर कटरीना की फिर से याद दिला दी और दिशा उस औरा को छू भी नहीं पाईं जो कटरीना का है। अक्षय कुमार और दिशा पाटनी की शानदार केमिस्ट्री, रंगीन विजुअल्स और जोशीली धुन 'ऊंचा लंबा कद फॉरएवर'को फिल्म के साउंडट्रैक का एक खास आकर्षण बनाती है।

टीवी मसाला



# दूरदर्शन पर पहली बार टेलीकास्ट हुआ था ये कल्ट शो

**नई दिल्ली।** आज के दौर में लोग सिनेमाघर, ओटीटी और यूट्यूब जैसे माध्यमों से मनोरंजन का आनंद लेते हैं। लेकिन, एक वक्त ऐसा भी था, जब बात एंटरटेनमेंट की आती थी तो लोगों के लिए दूरदर्शन टीवी चैनल एकमात्र साधन हुआ करता था। महाभारत, रामायण और शक्तिमान जैसे कई कल्ट धारावाहिक दूरदर्शन की पहचान बने थे। भारतीय मनोरंजन जगत के इतिहास को खंगाला जाए तो दूरदर्शन के रूप में सबसे पुराने टीवी चैनल का नाम सामने आता है, जिसने दशकों तक लोगों को घर बैठे एंटरटेन किया। इसी आधार पर बात की जाए दूरदर्शन के सबसे पहले और पुराने टीवी सो के बारे में तो उसका नाम कृषि दर्शन था। 26 जनवरी 1967 को गणतंत्र दिवस के खास मौके पर दूरदर्शन पर कृषि दर्शन शो को पहली बार प्रसारित किया गया था। इस चैनल की पहली एंकर प्रीतिमा पुरी ने इसका आगाज किया था। शो के नाम से ही साफ जाहिर होता है कि इसमें भारतीय किसानों को आधुनिक खेती, कृषि-तकनीक और ग्रामीण विकास की अहम जानकारी दी जाती थी। उस वक्त शोज की भरमार कम हुआ करती थी, जिसके तहत कृषि दर्शन भी भारतवासियों के लिए मनोरंजन का अहम साधन बन गया था। इतना ही नहीं कृषि प्रधान भारत देश के किसानो के लिए ये शो काफी महत्वपूर्ण साबित हुआ था, क्योंकि इसमें मौजूद एक्सपर्ट द्वारा मिलने वाली सलाहों से किसानों को खेती में काफी सहायता मिलती थी। दूरदर्शन टीवी चैनल के सबसे अधिक लंबे चलने वाले धारावाहिक के तौर पर भी कृषि दर्शन को याद किया जाता है। इस शो के अब तक 62 सीजन टेलीकास्ट हो चुके हैं, जिनमें 16 हजार 780 एपिसोड मौजूद हैं।

## मुझे पटक-पटक कर मारा : रूपा

**नई दिल्ली।** बीआर चोपड़ा की पॉपुलर टेलीविजन सीरीज महाभारत को आज भी फैंस से उतना ही प्यार मिलता है जितना की सालों पहले दिया जाता था।



इसके किरदार भी खूब फेमस हुए। उन्हीं में से एक हैं द्रौपदी की भूमिका निभा चुकी एक्ट्रेस रूपा गांगुली। महाभारत की बात जब भी आती है तो द्रौपदी के चीर हरण की चर्चा हमेशा होती है। लेकिन, क्या आपको पता है कि आज से 10 साल पहले रूपा गांगुली के साथ बिल्कुल चीर हरण जैसा हादसा हुआ था? जी, हां एक्ट्रेस पर जानलेवा हमला हुआ था जिसे याद कर उनका मन अब भी सिहर जाता है। रूपा गांगुली ने ट्विटर पर इस घटना का जिक्र किया था।द्रौपदी के चीर हरण वाला वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने लिखा ,'मुझे कुछ दिनों से याद आ रहा है 22 मई 2016 डायमंड हार्बर की वह घटना, जब 17-18 लोगों ने पुलिस को साथ लेकर, मुझे गाड़ी से उतारकर रास्ते पर पटक-पटक कर मारा था।

# मां बनने के बाद बदल जाती हैं बातें : कियारा

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री कियारा आडवाणी अपनी अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में वह मां बनी हैं। इस बीच उन्होंने मां बनने के बाद महिलाओं को अक्सर जिन उम्मीदों का सामना करना पड़ता है, उनके बरे में बात की है। उन्होंने इस बात पर गौर किया कि कैसे महिलाओं की प्रेग्नेंसी का जश्न मनाने से हटकर लोगों का ध्यान दूसरी चीजों पर चला जाता है। मां बनने से अपनी जिंदगी में आए बदलावों के बारे में बात करते हुए, कियारा ने कहा 'यह अनुभव हर तरह से बहुत ही अच्छा है। मुझे लगता है कि जो डायरेक्टर अब मेरे साथ काम करेंगे, उन्हें मेरा सबसे बेहतरीन रूप देखने को मिलेगा। मां बनने के इस सफर ने मेरे अंदर दुनिया के प्रति मेरी समझ में एक नया पहलू खोल दिया है। उन्होंने बताया सबसे दिलचस्प बात यह है कि जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो हर कोई कहता है, अरे वाह, आप कितनी ग्लो कर रही हैं, आप कितनी खूबसूरत लग रही हैं। मगर, जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, तो बातें बदल जाती हैं। लोग कहते हैं 'अब तो मोटी लग रही है, थोड़ी ऐसी लग रही है, थोड़ी वैसी लग रही है।'



अभिनेत्री ने कहा 'जब आप प्रेग्नेंट होती हैं, तो लोग आपको देवी की तरह पूजते हैं, लेकिन जैसे ही आप बच्चे को जन्म देती हैं, वे उम्मीद करने लगते हैं कि आप तुरंत ही अपनी पुरानी फिटनेस और काम पर वापस लौट आएंगी। महिलाओं के लिए सबसे मुश्किल समय बच्चे के जन्म के बाद का ही होता है। यही वह समय होता है, जब उन्हें सबसे ज्यादा सहारे की जरूरत होती है।' कियारा ने कहा 'कहा जाता है कि एक बच्चे की परवरिश के लिए पूरे गांव की जरूरत पड़ती है। इसी तरह एक मां को संभालने के लिए भी पूरे गांव की जरूरत पड़ती है।' कियारा की अपकमिंग फिल्म 'टॉक्सिक' चार जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# 43 साल पुरानी वो फिल्म, जिसे देख फूट-फूटकर रोए थे लोग, बच्चों को प्रॉपर्टी देने से डरने लगे थे मां-बाप

**नई दिल्ली।** सिनेमा समाज का आईना होता है। कुछ फिल्में महज एंटरटेनर तक ही सीमित रहती हैं, लेकिन कुछ ऑडियंस के दिलों में घर कर जाती हैं। 43 साल पहले एक ऐसी ही फिल्म आई थी जिसने मां-बाप को इस कदर सहमा दिया था कि वे अपने बच्चों को घर का मालिकाना हक देने से कतराने लगे थे। यह फिल्म जब बनी तो किसी को नहीं पता था कि इसे देखने के बाद ऑडियंस सिसक-सिसककर रोने लगेगी। आज भी अगर टीवी पर यह फिल्म आ जाए तो देखने वाले अपने आंसू नहीं रोक पाते हैं। 43 साल पहले जब यह फिल्म आई तो सिनेमाघरों से निकलने वाले हर शख्स की आंखें नम थी। इस फिल्म ने ऑडियंस पर गहरा प्रभाव छोड़ा था।




### पारिवारिक फिल्म ने कर दिया था भावुक

यह फिल्म राजेश खन्ना की थी। हैंडसम हंक राजेश खन्ना सिनेमा के पहले सुपरस्टार रहे। मगर, जब उनका कॅरियर खतरे में पड़ा, तब यही फिल्म उनके डूबते नाव का सहारा बनी। जिस फिल्म की हम बात कर रहे हैं, वो है अवतार। अमन, अमृत अनजाना और आप आए बहार आए जैसी फिल्में बना चुके मोहन कुमार ने ही अवतार का निर्देशन और निर्माण किया था। फिल्म में राजेश खन्ना ने एक बूढ़े पिता का किरदार निभाया था। उनके साथ लीड रोल में शबाना आजमी थीं। इसके अलावा फिल्म में ए.के. हंगल, सचिन पिलगांवकर, रंजन ग्रेवाल, प्रीति सप्रू, सुजीत कुमार, गुलशन ग्रोवर समेत कलाकार अहम भूमिकाओं में थे।

### बच्चे घर से कर देते हैं बेदखल

फिल्म की कहानी अवतार किशन (राजेश खन्ना) और उसकी पत्नी राधा (शबाना आजमी) की है, जिसके बच्चे उन्हें उनके ही घर से बेदखल कर देते हैं और उन्हें उनके हाल पर छोड़ देते हैं। बुढ़ापे में दर-दर भटकने के बाद दिन-रात एक करके अवतार फिर से सफलता की सीढ़ियां चढ़ता है।

## बॉलीवुड की दूसरी लता : ताउम्र झेला तुलना का दंश, रफी संग गाए 140 गाने

# पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, सुरमई उजाला है...

*नई दिल्ली। आज की सुबह संगीत जगत के लिए एक दुखद खबर लेकर आई। संगीत के स्वर्णिम दौर की एक और आवाज आज खामोश हो गई। सुमन कल्याणपुर (89) ने इस दुनिया को हमेशा के लिए अलविदा कह दिया। लता मंगेशकर, आशा भोसले के बाद आज सुमन कल्याणपुर ने भी दुनिया से रुखसती ले ली। वो अपने पीछे 740 गानों की बेशकीमती विरासत छोड़ गई हैं। बांग्लादेश में जन्मीं सुमन हिंदी सिनेमा को वो अध्याय हैं जो स्वर्ण अक्षरों में दर्ज जरूर है। लेकिन, आज भी कइयों ने उसे पढ़ा नहीं है। आज भी ज्यादातर लोग उनकी आवाज पहचान नहीं पाते हैं। लता मंगेशकर और उनकी आवाज में सामानता इतनी रही कि उन्हें दूसरी लता कहा गया। सुरों की मल्लिका का सबसे बड़ा आशीर्वाद ही उनका 'अभिशाप बन गया। ताउम्र वो लता मंगेशकर के साए से निकल नहीं पाई। सुमन कल्याणपुर को ताउम्र तुलना का दंश झेलना पड़ा था। दिग्गज संगीतकारों के लिए सुमन कल्याणपुर और लता मंगेशकर की आवाज में फर्क कर पाना कभी-कभी नामुमकिन सा हो जाता था। सुमन कल्याणपुर ने उस दौर में अपनी जगह बनाई, जब हिंदी सिनेमा में पहले से ही कई दिग्गज आवाजें मौजूद थीं। उन्होंने हिंदी सिनेमा में संगीत का सफर इस वक्त शुरू किया जब लता मंगेशकर, आशा भोसले जैसी गायिकाओं का इंडस्ट्री पर राज था। हर फिल्ममेकर और संगीतकार लता मंगेशकर के साथ काम करने की ख्वाहिश रखता था, ऐसे में उस दौर में किसी भी गायिका के लिए अपनी जगह बनाना किसी चुनौती से कम नहीं था।*



### लता से हूबहू मिलती थी आवाज

लता मंगेशकर और सुमन कल्याणपुर की आवाज में फर्क कर पाना लगभग असंभव सा है। 1960 और 1970 के दशक में लता और सुमन के बीच की तुलना चरम पर थी। जब कई बड़े संगीतकार और निर्माता लता मंगेशकर संग काम नहीं कर पाते थे, तो वो सुमन कल्याणपुर का दरवाजा खटखटाने पहुंच जाते थे। उन्हें ज्यादातर गाने तभी मिलते जब स्वरकोकिला किसी कारणवश उन्हें मना कर देती थीं।

### स्वरकोकिला को मानती थीं दोस्त

अब ताउम्र जिससे तुलना हो उस शख्स को नापसंद करना लाजमी है, लेकिन शायद उस स्वर्णिम दौर की ये ही खासियत थी कि हर कलाकार दूसरे कलाकार और उसकी कला की पूरी इज्जत करता था। साल 2022 में पीटीआई को दिए एक इंटरव्यू में सुमन ने लता दीदी को अपनी सबसे करीबी दोस्तों में से एक बताया था। उन्होंने स्वीकार किया था कि वो खुद भी लता मंगेशकर की आवाज की मुरीद थीं। दोनों ने साथ में फिल्म चांद के लिए एक डुएट रिकॉर्ड किया था। उस फिल्म के गाने पर साथ काम करने का अपना अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा था कि वो और लता जी सहेलियां थीं।

***रफी संग हिट थी जोड़ी :*** आज कल तेरे मेरे प्यार के चर्चे, ना ना करते प्यार तुम्हीं से, तुमने पुकारा और हम चले आए, पर्वतों के पेड़ों पर शाम का बसेरा है, दिल एक मंदिर है, ठहरिए होश में आ लूं मोहम्मद रफी के साथ उनके सुपरहिट गाने थे जो आजतक लोगों की जुबां पर चढ़े हुए हैं। दशकों बाद भी इन एवरग्रीन गानों का खुमार कम नहीं हुआ है।

### पढ़ाई, शादी और बच्चे

मुंबई के सेंट कोलंबस स्कूल से अपनी स्कूली शिक्षा पूरी करने के बाद, सुमन ने चित्रकला की पढ़ाई की और सर जे.जे. स्कूल ऑफ आर्ट में दाखिला लिया। हालांकि, जल्द ही संगीत ही उनका जुनून बन गया। उन्होंने पंडित केशवराव भोले, उस्ताद खान अब्दुल रहमान खान और उस्ताद नवरंग जैसे प्रख्यात गुरुओं से ट्रेनिंग ली, जिसने उनके करियर की नींव रखी। सुमन ने 1958 में बिजनेसमैन रामानंद कल्याणपुर से शादी की। उनके परिवार में उनकी बेटी चारू अग्नि हैं।

### इन भाषाओं में भी बिखेरा आवाज का जादू

कोकिला जैसी मीठी आवाज और सुरों की धनी सुमन कल्याणपुर को दूसरी लता कहा जाने लगा था। कॅरियर में 740 गाने को आवाज देने वाली दिवंगत सिंगर ने हिंदी के साथ ही कई भाषाओं में अपनी सुरीली आवाज का जादू बिखेरा था। उन्होंने बंगाली, मराठी, असमी, कन्नड़ और ओड़िया भाषाओं में भी अपने संगीत के सफर को जारी रखा था। 28 जनवरी, 1937 को अविभाजित भारत के ढाका में जन्मीं सुमन कल्याणपुर हिंदी और मराठी सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध सिंगर्स में से एक बनीं। फिल्मी संगीत के अलावा, उनके भजन, गजल, मराठी अभंग और भावगीत भी गाए, जो एक कलाकार के रूप में उनकी पहचान बनी।